इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्व स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद

उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।



तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव

मो.नं.-7566609039 हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 43 | अंक -182 | राजनांदगांव, सोमवार 20 मई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## टीएमसी के तुष्टिकरण से बंगाल में हिंदू अल्पसंख्यक हुए, ममता सरकार पर जमकर बरसे पीएम मोदी

कोलकाता। लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए पीएम मोदी आज बंगाल दौरे पर हैं। यहां मेदिनीपुर में पीएम मोदी ने एक रैली को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने राज्य की टीएमसी सरकार को निशाने पर लिया और टीएमसी पर राज्य की जनसांख्यिकी बिगाड़ने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा की आंधी ने टीएमसी के आंतक के सभी किले ध्वस्त करना शुरू कर दिया है, इसलिए बंगाल में टीएमसी वाले ज्यादा बौखलाए हुए हैं।



### टीएमसी सीएए का विरोध करती है

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, टीएमसी घुसपैठियों का स्वागत करती है लेकिन जो हिंदू अल्पसंख्यक यहां प्रताड़ित होकर आए हैं उनका घोर विरोध करती है। मैंने वादा किया था कि मैं इन शरणार्थी परिवारों को नागरिकता दूंगा, ये हमसे उम्मीद लगाए हुए हैं, लेकिन टीएमसी इनकी मदद और सीएए का विरोध कर रही है और कह रही है कि हम इसे लागू नहीं होने देंगे। टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट वाले लिखकर रख लें जब तक मोदी जिंदा है तब तक वे कुछ नहीं कर पाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा टीएमसी की साजिशों को रोकने के लिए केंद्र में मजबूत और स्थिर भाजपा सरकार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### टीएमसी सरकार ने वोट बैंक के लिए की सारी हदें पार

ममता ने हुगली जिले में शनिवार को एक चुनावी रैली में दावा किया था कि रामकृष्ण मिशन व भारत सेवाश्रम के कुछ साधु-संन्यासी सीधे तौर पर राजनीति कर रहे हैं जिससे देश का सर्वनाश हो रहा है। सीएम ममता के इस बयान को लेकर पीएम मोदी ने बंगाल की सीएम पर हमला बोलते हुए कहा कि टीएमसी सरकार ने वोट बैंक के लिए सारी हदें पार कर चुकी है।

### बंगाल के कई इलाकों में हिंदू अल्पसंख्यक हुए

पीएम मोदी ने लोगों से भाजपा को वोट करने की अपील करते हुए कहा कि अब बस 25 मई को एक और प्रहार की जरूरत है, बंगाल में फिर टीएमसी के आतंक, भ्रष्टाचार के किले को गिरते देर नहीं लगेगी। छठे चरण के तहत 25 मई को मेदिनीपुर में आम चुनाव के लिए मतदान होगा। बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी के तुष्टिकरण ने बंगाल में जनसांख्यिकी को डांवाडोल कर दिया है, समाज व्यवस्था को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। टीएमसी देश के दूसरे राज्य वालों को बाहरी बताती है लेकिन अवैध घुसपैठिए इन्हें अपने लगते हैं। ये घुसपैठिए बंगाल में जनसंख्या संतुलन बिगाड़ते हैं, कई इलाकों में हिंदू अल्पसंख्यक हो गए, दलितों, पिछड़ों की जमीन पर ये कब्जा कर रहे हैं।

## ईरान के राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर पहाड़ियों से टकराया, बारिश व घने कोहरे के कारण हादसा; रईसी अभी भी लापता

दुबई। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहे हेलीकॉप्टर को रविवार को पूर्वी अजरबैजान प्रांत में खराब मौसम की वजह से हार्ड लैंडिंग करनी पड़ी। राष्ट्रपति की स्थिति के बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं मिल सकी है, लेकिन एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि वह सुरक्षित हैं और जमीनी रास्ते से तबरिज जा रहे हैं।

इस बीच, बचाव दल लैंडिंग स्थल पर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन खराब मौसम की वजह से इसमें बाधा आ रही है। लैंडिंग स्थल वन क्षेत्र है और वहां हवाओं के साथ भारी बारिश और कोहरे की सूचना है। देशभर में उनकी कुशलता के लिए प्रार्थना की जा रही है। ईरान के सरकारी टीवी के मुताबिक, रईसी पड़ोसी देश अजरबैजान की एक दिन की यात्रा पर गए थे, जहां उन्होंने अपने समकक्ष इल्हाम अलियेव के साथ




मिलकर संयुक्त रूप से निर्मित एक बांध का उद्घाटन किया था।

लौटते समय उनके हेलीकॉप्टर को अजरबैजान से लगती सीमा पर ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में स्थित शहर जोल्फा के नजदीक 'हार्ड लैंडिंग' करनी पड़ी। यह शहर राजधानी तेहरान के उत्तर-पश्चिम में करीब 600 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रपति के हवाई काफिले में तीन हेलीकॉप्टर थे, जिनमें से दो सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच गए।

राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर में देश के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन, पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने घटना के लिए %क्रैश% शब्द का इस्तेमाल किया, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि वह अभी तक लैंडिंग स्थल पर नहीं पहुंच पाए हैं। आंतरिक मंत्री अहमद वाहिदी ने सरकारी टीवी पर कहा कि बचाव दल क्षेत्र में जा रहे हैं, लेकिन खराब मौसम एवं कोहरे के कारण उन्हें हेलीकॉप्टर तक पहुंचने में समय लग सकता है। क्षेत्र थोड़ा उबड़-खाबड़ है और संपर्क करना मुश्किल है।

सरकार बचाव दलों के लैंडिंग स्थल पर पहुंचने और अधिक जानकारी मिलने का इंतजार कर रही है। उल्लेखनीय है कि ईरान के पास कई प्रकार के हेलीकॉप्टर हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की वजह से ईरान के लिए उनके कलपुर्जे हासिल करना मुश्किल हो गया है। उसकी वायुसेना का अधिकांश बेड़ा भी 1979 से पहले का है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नरेन्द्र मोदी देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है- अखिलेश यादव



लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज प्रयागराज में इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशीउज्जवल रमण सिंह और फूलपुर में इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अमर नाथ मौर्य के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभाएं की। दोनों चुनावी जनसभाओं में ऐतिहासिक भीड़ आयी। भीड़ में अखिलेश यादव और राहुल गांधी को देखने और सुनने को लेकर जबरदस्त जोश और उत्साह रहा। चिलचिलाती धूप और गर्मी के बीच ऐतिहासिक भीड़ ने गगनभेदी नारों से अखिलेश यादव और राहुल गांधी का स्वागत किया।

दोनों नेताओं ने जनसभाओं में आये विशाल जनसमूह का अभिवादन किया। लोगों से इलाहाबाद से उज्जवल रमण सिंह और फूलपुर से अमर नाथ मौर्य को रिकार्ड मतों से जिताने की अपील की। इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने दस साल तक जनता को ठगने का काम किया है। यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है। यह संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। भाजपा बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बनाये संविधान को बदलना चाहती है। संविधान बचाने के लिए भाजपा को हटाना जरूरी है। इस चुनाव में एक तरफ संविधान बचाने की लड़ाई लड़ने वाले हम इंडिया गठबंधन के लोग हैं वहीं दूसरी तरफ संविधान बदलने की बात करने वाले भाजपा के लोग है। अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान बचेगा तभी लोकतंत्र बचेगा। तभी जनता का वोट देने का अधिकार और अन्य अधिकार सुरक्षित रहेगा। भाजपा जनता के अधिकार छीनना चाहती है।अखिलेश यादव ने जनता से अपील की कि अपना जोश और उत्साह बनाये रखे। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर भाजपा को सत्ता से हटाये। भाजपा ने देश और देश की जनता का बहुत नुकसान किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के नेता झूठे है। झूठ बोलते है। भाजपा की हर बात झूठी निकली। इन्होंने किसानों, नौजवानों, मजदूरों से भी झूठे वादे किया। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई। भाजपा ने महंगाई बढ़ाकर किसानों और आम जनता की कमर तोड़ दी। भाजपा किसानों की जमीन और फसल छीनना चाहती है। इसीलिए तीन काले कृषि कानून लायी थी। आंदोलन में हमारे सैकड़ों किसानों ने अपनी शहादत देकर भाजपा सरकार को झुका दिया था। उसी का नतीजा था कि तीनों काले कानून वापस हुए। भाजपा की दस साल की सरकार में महंगाई और कर्ज के बोझ से परेशान एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली। भाजपा सिर्फ उद्योगपतियों के कर्ज माफ करती है उन्हीं के हित की नीतियां बनाती है। भाजपा सरकार संविधान और जनता के जान के पीछे पड़ी है। वैक्सीन कम्पनी से चंदा लेकर सबको वैक्सीन लगवा दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 सीटों पर आज मतदान

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 49 संसदीय सीटों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर सोमवार को सुचारु रूप से मतदान कराने के लिये आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

चुनाव आयोग ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जायेगा और कुछ मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्त होने की समय सीमा में परिवर्तन हो सकता है। इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर उतरे 265 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। ओडिशा विधानसभा की 147 सीटों में से पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर मतदान हो चुका है।



राहुल गांधी, स्मृति, राजनाथ के भाग्य का होगा फैसला

चुनाव आयोग ने मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये हैं। साथ ही मुख्य चुनाव अधिकारियों एवं जिला चुनाव अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुये उचित प्रबंधन करने के लिये पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गयी है। चुनाव कर्मियों को मशीनों और सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिये रवाना कर दिया गया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये हैं कि मतदान आरामदायक और सुरक्षित वातावरण में हो। मतदान केंद्र पर पर्याप्त छाया, पेयजल, रैंप, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधायें हों। आयोग ने मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर आने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। आयोग की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार आठ राज्य/केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 49 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 8.95 करोड़ मतदाता 94,732 मतंदान केंद्रों पर वोट डाल कर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला तय कर सकेंगे।

इनमें 4.69 करोड़ पुरुष तथा 4.26 करोड़ महिला और 5409 उभयलिंगी मतदाता अपने मताधिकार शामिल हैं। इस चरण की 49 संसदीय सीटों में सामान्य श्रेणी की 39, अनुसूचित जनजाति तीन और अनुसूचित जाति की सात सीटें हैं। ओडिशा विधानसभा की 35 सीटों में सामान्य श्रेणी की 21, अनुसूचित जनजाति के लिये आठ और अनुसूचित जाति की छह सीटें हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ओडिशा में गरजे सीएम विष्णुदेव साय, कहा- 25 वर्षों से जमी बीजेडी सरकार को उखाड़ फेंकना है



रायपुर। जो पच्चीस वर्षों में लोगों की बोली, भाषा, खान-पान, रहन-सहन नहीं सीख पाया वो जनता की जरूरतों को कैसे समझेगा? ओडिशा में नवीन बाबू पच्चीस वर्षों तक जनता के बीच जाने से बचते रहे। उनकी जगह सरकार कोई और चलाता रहा। यह बातें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ओडिशा में आयोजित चुनावी सभा में कही। आगे कहा कि यही कारण है कि खनिज और वन सम्पदा से भरपूर, मेहनतकश किसान और उच्च सांस्कृतिक-धार्मिक संस्कृति से ओतप्रोत ओडिशा विकास की राह में पीछे रह गया। वक्त आ गया है कि डबल इंजन की भाजपा सरकार यहां नेतृत्व करें और ओडिशा को उस मुकाम पर पहुंचाए, जिसका ओडिशा हकदार है।

ओडिशा के संबलपुर लोकसभा के कुचिंदा पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजेपी सरकार को आ? हाथों लिया और डबल इंजन सरकार बनाने का आग्रह करते हुए भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ग्रेजुएट रूट पॉलिसी खत्म करने की योजना बना रहे सुनक, मंत्रियों ने किया कड़ा विरोध



लंदन। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक कानूनी प्रवासन के आंकड़ों को कम करने के लिए पोस्ट स्टडी वीजा (ग्रेजुएट रूट पॉलिसी) पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहे हैं। यह स्नातकों को उनके डिग्री कोर्स के बाद दो साल तक रहने और काम करने की अनुमति देता है।

इसे लेकर उन्हें अपने कुछ मंत्रियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। अगर पोस्ट स्टडी योजना पर रोक लग जाती है, तो इससे भारतीय छात्रों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। यह योजना भारतीय छात्रों के बीच ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों को चुनने का एक बड़ा कारण है। साल 2021 में लांच होने के बाद से यह भारतीयों की पसंद बनी हुई है।

### भारतीय छात्रों पर पड़ेगा इसका प्रभाव

### कैबिनेट के विद्रोह का करना पड़ रहा है सामना

द आब्जर्वर के अनुसार, सुनक को ग्रेजुएट रूट योजना को खत्म करने की प्लानिंग पर कैबिनेट के विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है। इसका विरोध करने वालों में शिक्षा मंत्री गिलियन कीगन, चांसलर जेरेमी हंट और विदेश मंत्री डेविड कैमरन शामिल हैं। ऐसा तब हुआ है, जब विश्वविद्यालय और व्यापार प्रमुखों ने चेतावनी दी है कि ग्रेजुएट रूट योजना में किसी भी तरह की कटौती से ब्रिटेन भारतीय सहित विदेशी छात्रों के लिए कम आकर्षक हो जाएगा।

## दशकों से झूठ बोलने की बीमारी है, आसानी से नहीं जाएगी : सीएम विष्णु देव साय

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पीडीएस सिस्टम में चावल वितरण पर झूठ बोलने को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रियंका गांधी को जमकर धोया है। प्रियंका गांधी ने अपने एक इंटरव्यू में कहा कि छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी तो 35 किलो राशन दिया जाता था और अब केवल पांच किलो दिया जाता है। सीएम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा है कि, कांग्रेस की 70 सालों से झूठ बोलने की बीमारी है, इतनी आसानी से तो जाएगी नहीं प्रियंका जी, झूठ फैलाने से फुरसत मिल जाए तो आपकी कांग्रेस सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में किए गए 5000 करोड़ के चावल घोटाले पर भी दो शब्द कह दें। आपकी अज्ञानता का फ़ायदा उठाकर हर बार छत्तीसगढ़



सीएम ने प्रियंका गांधी को जमकर सुनाया

कांग्रेस के नेता आप लोगों को बुद्धू बना देते हैं। पिछ्ली बार कांग्रेसियों ने राहुल जी को कह दिया था कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के हर जिले में फूड पार्क बना दिया है, उस झूठ का जवाब छत्तीसगढ़ की जनता ने आपकी पार्टी को रसातल में पहुंचा कर दे दिया। और इस बार राशन के मामले में फिर आपकी पार्टी ने आपको बेवकूफबना दिया। थोड़ा पढ़ लिख लिया कीजिए कोई बयान देने से पहले। थोड़ा होमवर्क कर बयान देंगी तो बार-बार फजीहत नहीं होगी। याद रखिए, कांग्रेस की तरह हमारी सरकार गरीबों के राशन पर डाका नहीं डाल रही है बल्कि और भी अधिक सुगमता से राशन का वितरण यथावत जारी है। यहां उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में पीडीएस के अंतर्गत केंद्र सरकार से मिलने वाले पांच किलो चावल के अतिरिक्त एक सदस्य वाले कार्डधारी को दस किलो, दो सदस्य वाले कार्डधारी को बीस किलो, तीन से पांच सदस्य वाले कार्डधारी को पैतीस किलो, और पांच से अधिक सदस्य वाले कार्डधारी को सात किलो प्रति सदस्य निशुल्क चावल विष्णु सरकार दे रही है।

## नोट गिन-गिनकर मशीनें गर्म, जूता कारोबारियों पर छापे में 100 करोड़ की जब्ती, 30 घंटे तक 14 ठिकानों पर कार्रवाई

आगरा। आयकर विभाग के छापे में तीन जूता कारोबारियों से 100 करोड़ रुपये की जब्ती का अनुमान है। शनिवार दोपहर 12 से रविवार शाम छह बजे तक 14 ठिकानों पर छापा जारी था। आलोक नगर स्थित हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग के घर से 60 करोड़ की नकदी मशीनों से गिनी जा चुकी थी। खबर लिखे जाने तक नोटों की गिनती जारी है।

जयपुर हाउस स्थित आलोक नगर में हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग का घर है। घर में पलंग, अलमारी, जूते के डिब्बे, थैलों व दीवारों से भी 500-500 के नोटों की गड्डियां निकलीं। नोटों



का जखीरा देखकर जांच टीमें भी दंग रह गई। उच्च अधिकारियों को बताने के बाद नोटों की गिनती के लिए 10 से अधिक मशीनें मंगानी पड़ीं। नोट गिनते-गिनते मशीनें गर्म हो गईं। स्टेट बैंक के कर्मचारियों की मदद लेनी पड़ी। आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा ने नोटों की गिनती कराई। एमजी रोड स्थित बीके शूज के अशोक मिड्ढा और मंशु फुटवियर के हरदीप मिड्ढा के घर, गोदाम, फैक्टरी व प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई है। 30 घंटे से अधिक समय तक 14 ठिकानों पर चली कार्रवाई से शहर के घरेलू जूता कारोबारियों में खलबली मची रही।

आयकर की जांच टीम में अन्वेषण शाखा के संयुक्त निदेशक डॉ. अमरजोत, उप निदेशक पंकज कुमार और उप निदेशक आशिमा महाजन शामिल रहीं। आयकर अधिकारियों ने जब्त की गई राशि की घोषणा नहीं की है। आयकर सूत्रों के अनुसार जब्त की गई राशि 100 करोड़ रुपये तक हो सकती है। जिनमें अधिकांश 500-500 के नोटों के बंडल है। आगरा में यह आयकर विभाग की अब तक का सबसे बड़ा छापा माना जा रहा है।

आयकर जांच टीम को जूता कारोबारी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लापरवाही से बिजली कंपनी के गोदाम में लगी थी आग, अग्निकांड में 50 करोड़ का हुआ नुकसान, जांच समिति ने सौंपी रिपोर्ट

रायपुर। राज्य विद्युत वितरण कंपनी के गुढ़ियारी स्थित गोदाम में अग्निकांड की रिपोर्ट जांच समिति ने सौंप दी है। पांच अप्रैल को अग्निकांड घटना के बाद छह सदस्यीय समिति ने लगभग 50 करोड़ रुपये नुकसान का आंकलन किया है। साथ ही घटना के जिम्मेदारों के विषय में भी टिप्पणी की है।



अधिकारियों के मुताबिक रिपोर्ट के आधार पर सभी पहलुओं पर विचार करते हुए घटना के जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही की जाएगी। गोपनीय रिपोर्ट में यह जिक्र है कि आगजनी पूर्वनियोजित नहीं बल्कि सुरक्षा में लापरवाही का नतीजा है। इसकी वजह से गोदाम में रखे ट्रांसफार्मर पूरी तरह खाक हो गए। जांच समिति की यह रिपोर्ट कंपनी के प्रबंधक एचआर को प्रस्तुत की गई है।

समिति की रिपोर्ट के बाद प्रबंधक-एचआर ने इस रिपोर्ट को विद्युत वितरण कंपनी के एमडी-चेयरमेन के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है, जिसके बाद समिति की अनुशंसा के बाद जिम्मेदारी पर कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है। सूत्रों के मुताबिक रिपोर्ट के आधार पर घटना के दोषी अधिकारी-कर्मचारियों पर निलंबन की भी गाज गिर सकती है।

गौरतलब है कि रायपुर के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में भारत माता चौक के पास बिजली विभाग के सब डिवीजन कार्यालय के गोदाम में रखे ट्रांसफार्मर में अचानक तेज धमाके बाद वहां भीषण आग लग गई थी। गोदाम में रखे 1,500 ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गए। गोदाम में करीब 6,000 ट्रांसफार्मर रखे हुए थे। जांच समिति ने विद्युत विभाग के गोदामों में अंडरग्राउंड केबलिंग का सुझाव दिया है। न सिर्फ गुढ़ियारी बल्कि प्रदेश के अन्य जिलों में स्थित गोदामों में भी अंडरग्राउंड केबलिंग किया जाना चाहिए। आगजनी की तमाम आशंकाओं को रोकने के लिए आटोमेटिक फायर फाइटिंग सिस्टम के साथ ही दिन-रात को चौकसी बढ़ाने की बात रिपोर्ट में की गई है। राज्य विद्युत वितरण कंपनी के एमडी आरके शुक्ला ने कहा, जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है। समिति की अनुशंसा के आधार पर सभी बिंदुओं पर समीक्षा कर रहे हैं।

# म्युनिस्पल स्कूल खेल मैदान से ग्रीन ग्रास गायब... उखड़े पड़े फैसिंग तार व खंभे




## राजा के जमाने का स्कूल खेल मैदान हुआ बर्बाद

राजनांदगांव(दावा)। शहर में बड़े-बड़े कार्यक्रम होने के लिए प्रायः दो स्कूल मैदान ज्यादा उपयोग में आता है। एक तो स्टेट हाई स्कूल का मैदान व दूसरा म्यूनिस्पल हाई स्कूल का मैदान। दोनों मैदान में सर्कस से लेकर बड़े-बड़े भागवत आयोजन, बड़े-बड़े राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के भाषण के आयोजन, विश्व विजेता दारासिंग पहलवान का चीन के थामएन चांग जैसे पहलवान के साथ कुश्ती दंगल का आयोजन, राष्ट्रीय पर्व दशहरा के आयोजन से लेकर लालबाग, स्वास्तिक क्लब, पैंथर क्लब आदि हाकी खेल के अभ्यास सहित अंतर्राज्यीय हाकी मैच भी इस चर्चित खेल मैदान में हुआ करता था लेकिन प्रदेश में पिछले बार शासन सत्ता बदलने के बाद म्यूनिस्पल हाईस्कूल के इस मैदान पर ग्रहण लग गया। इस स्कूल खेल मैदान के एक बड़े से भू-भाग को फैसिंग तारों से घेर कर हॉकी का खेल खेलने के लिए हरी घास बिछवा दिया गया। इससे यहां के दानवीर राजा सर्वेश्वर दास जी द्वारा दान में दिए गए महल आकृति का सैकड़ों खंभे वाला स्कूल व मैदान की गरिमा नष्ट तो हो गई वहीं ग्रीन ग्रास वाला यह खेल मैदान सुरक्षा के अभाव में उपेक्षित रह गया। आलम यह है कि लगभग 32 लाख खर्च कर बिछाए गए ग्रीन ग्रास की हरियाली लुप्त हो गई वही उक्त खेल मैदान शाम के समय असामाजिक तत्वों का डेरा बन कर रह गया। बताया तो यहां तक जाता है कि स्कूल से पढ़ कर निकलने वाली छात्राए छेड़छाड़ का शिकार होती है।

### मैदान की दुर्गति

शहर के पुराने हाकी खिलाड़ी व खेल प्रेमी प्रकाश शर्मा ने बताया कि म्यूनिस्पल हाई स्कूल ग्राउण्ड में हॉकी खेल के लिए ग्रीन ग्रास लगाकर हरियाली युक्त मैदान बनाने के सम्बंध में निगम द्वारा किसी हाकी खिलाड़ी से पूछा गया है और न हाकी क्लब के सदस्यों से राय ली गई है। शहर में गौरव पथ स्थित ग्रीन ग्रास वाली अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम होने के बाद भी म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में हाकी खेल के लिए करोड़ों खर्च कर ग्रीन ग्रास लगाने का कोई औचित्य नहीं था। इसी तरह पूर्व हाकी खिलाड़ी व नगर निगम के सभापति रहे रमेश डाकलिया ने म्यूनिस्पल स्कूल खेल मैदान की दुर्गति देखकर काफी अफसोस जाहिर किया व कहा कि यहां ग्रीन ग्रास लगाने के लिए किसी भी खिलाड़ियों को विश्वास में नहीं लिया गया जबकि पार्षदों द्वारा विरोध किए जाने के बावजूद बगैर जरूरत के यहां ग्रीन ग्रास लगाने लाखों खर्च कर दिया गया। आज स्थिति यह है कि इसके फैसिंग वाले बाउण्ड्रीवाल के खंभे जगह-जगह से टूटे पड़े है गिरे पड़े है। फैसिंग तार को चोरी कर ले जाया गया है।

मैदन से ग्रीन ग्रास वाली हरियाली गायब है। वही इस एतिहासिक महत्व वाले स्कूल व मैदान की गरिमा भी नष्ट हो गई है। उन्होंने बताया कि म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में पार्किंग बनाने का भी विरोध किया गया था पर उसकी एक न सूनी गई। उन्होंने इस स्कूल व इसके खेल मैदान की गरिमा पहले जैसे लौटाने व मैदान को पहले जैसे स्थिति लाने की बात कही है।

# एक्यूप्रेशर सूजाक वाइब्रेशन सहित चुंबकीय शिविर का भव्य शुभारंभ



- लोगों ने इस अनूठे प्रयास की सराहना की
- 120 लोगों ने लिया लाभ

दल्लीराजहरा (दावा)। स्वर्गीय कमलचंद जैन (क्रांति मेडिकल स्टोर्स) की स्मृति में सकल जैन समाज के तत्वाधान में निःशुल्क 6 दिवसीय एक्यूप्रेशर सूजाक वाइब्रेशन एवं चुंबकीय शिविर का शुभारंभ जैन दादाबाड़ी दल्ली राजहरा में किया गया जिसमें सकल जैन समाज के सदस्य उपस्थित थे। शिविर में जोधपुर राजस्थान के डॉक्टर वी आर चौधरी एवं थैरेपिस्ट डी आर जाखड़ अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

इस शिविर में पुराना सरदर्द, माइग्रेन, साइटिका, आंख, गले का दर्द, कान दर्द, लंबाई बढ़ाना, घुटने का दर्द, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, गैस, कब्ज, सर्वाइकल का दर्द, कमर का दर्द, जोड़ों का दर्द, लकवा, मस्सा बवासीर, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, हाथ पैरों में झुनझुनी आदि का इलाज निशुल वाइब्रेशन एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर से किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिवस 120 मरीज ने लाभ लिया। आप सभी शहरवासियों से निवेदन है इस शिविर का लाभ अवश्य लेवे। उक्त जानकारी शिविर प्रभारी क्रांति जैन ने दी है।

## पहला कॉलम...

# गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान के कार्यकारणी का हुआ गठन



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के गुरूकृपा गौशाला ग्राम गातापार में गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव के कार्यकारणी के गठन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्थान के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। जिसमें आर्य प्रमोद कश्यप को संस्थान के संयोजक एवं राधेश्याम गुप्ता को संस्थान के अध्यक्ष मनोनित किया गया। इस तरह हार्दिक कोटक को उपाध्यक्ष, पुरूषोत्तम देवांगन को सचिव, प्रज्ञानंद मौर्य को सह सचिव, डिलेश्वर साहू को कोषाध्यक्ष एवं किशोर साहू को सह कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। इस दौरान सभी ने संस्थान के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कार्य करने की शपथ ली तथा भविष्य की योजनाओं के संबंध में चर्चा की गई और आवश्यक निर्णय लिए गए।

# बुद्ध जयंती 23 को मांस-मटन विक्रय पर रहेगा प्रतिबंध

रायपुर (आरएनएस)। नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई 2024 गुरूवार को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुद्ध जयंती पर्व 23 मई 2024 गुरूवार को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई 2024 गुरूवार को किसी भी दुकान में मांस बिक्री करते पाये जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

# सात फेरे लेने से पहले दुल्हा दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार

कोरबा। बारात रवाना होने तैयार पूर्ण हो चुकी थी और दुल्हे को सात फेरे लेने में कुछ ही घंटे शेष रह गए थे। इसके पहले ही दैहिक शोषण की शिकायत पर दुल्हा बारात लेकर जाने के बजाए पुलिस के साथ जेल पहुंच गया। सिविल लाइन थाना रामपुर पुलिस के समक्ष क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने आकर शिकायत दर्ज कराई कि सक्ती के ग्राम डभरा में रहने वाला नंदलाल निषाद के साथ उसका प्रेम संबंध है और नंदलाल ने विवाह करने का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। बाद में विवाह करने के नाम पर टालमटोल करते रहा और अब दूसरी लड़की से शादी कर रहा है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और एक टीम डभरा के लिए रवाना किया। जहां बारात रायगढ़ जाने के लिए निकलने की तैयारी चल रही थी, इसके पहले ही पुलिस ने दुल्हा बने नंदलाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 376 के तहत मामला कायम कर वैधानिक कार्रवाई की और न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया।


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में

अंतिम पांचवा सप्ताह रोजाना 4 खेल

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत

बी.ए. फाईनल ईयर

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि



ता. 24 से मोर छंइहा भुंईयां 2

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
17th May To 23th May 2024




Kingdom of The Planet of The Apes (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm




Srikanth - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


# नेशनल क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे युगांतर के विद्यार्थी



राजनांदगांव (दावा)। 19 मई भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी गोवा में18 मई से 22 मई तक आयोजित टी - 10 ओवर आर्म राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 28 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे, जिसमें युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, सेंट पीटर स्कूल डोंगरगढ़ शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल भोथली, खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ एवं शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बधियाटोला के खिलाड़ी शामिल हैं। युगांतर की ओर से आयुष अग्रवाल, अंकेश अग्रवाल, विशेष अग्रवाल, अभय कश्यप, यशवंत सारथी, भूयेश चतुर्वेदी, प्रज्ज्वल अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, बिवन सराफ, प्रथम सकुनिया, आदित्य अग्रवाल अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अकेडमिक्स तथा स्पोर्ट्स सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, क्रिकेट एसोसियेशन के सेक्रेटरी श्री अशोक मेहरा जी, युगांतर के क्रिकेट कोच संतोष यादव, टीम मैनेजर नवनीत द्विवेदी सहित युगांतर परिवार ने प्रतिस्पर्धा में विद्यालय टीम के श्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की है।

# उदयाचल का 56 वां वार्षिक उत्सव 26 को

## नागरिक अभिनंदन, अवार्ड वितरण एवं शपथ ग्रहण समारोह भी

राजनांदगांव (दावा)। नगर की समाजसेवी संस्था उदयाचल का 56 वा वार्षिक उत्सव 26 में रविवार को शाम 7.30 बजे से उदयाचल प्रांगण में आयोजित है। कार्यक्रम में हीरा ग्रुप रायपुर के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद अग्रवाल का नागरिक अभिनंदन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हीरा ग्रुप रायपुर के मैनेजिंग डायरेक्टर बजरंग लाल अग्रवाल होंगे समारोह की अध्यक्षता चतुर्भुज अग्रवाल अध्यक्ष वंदना ग्रुप (रायपुर) करेंगे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुरेश गोयल (अध्यक्ष, आईबीसी 24 रायपुर), दुर्गा प्रसाद अग्रवाल (अध्यक्ष, एंबिएंस ग्रुप ,रायपुर), सीताराम अग्रवाल (चेयरमैन, स्टार ऑर्गेनिक फुड, रायपुर), वीरेंद्र गोयल (अध्यक्ष, नाकोड़ा इस्पात, रायपुर) रामावतार अग्रवाल (सेक्रेटरी, एमएमआई हॉस्पिटल, रायपुर) निरंजन लाल जिंदल (चेयरमैन, हेक्टर पाइप, रायपुर) होंगे। कार्यक्रम में उदयाचल की नई कार्यकारिणी शपथ ग्रहण करेगी।

उदयाचल की नई कार्यकारिणी इस तरह है- संरक्षक उत्तमचंद जैन, चतुर्भुज ठक्कर, पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना, प्रमुख सलाहकार-उत्तमचंद जैन, नेत्र चिकित्सालय प्रभारी पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, निवृत्तमान अध्यक्ष प्रकाश श्री श्रीमाल, अध्यक्ष- राजेंद्र बाफना, उपाध्यक्ष एवं भवन निर्माण प्रभारी बृजकिशोर सुरजन, सचिव -अतुल रायचा, सहसचिव- गुरदीप बग्गा, कोषाध्यक्ष- अशोक मोदी, सह कोषाध्यक्ष-हरीश अग्रवाल, भवन प्रभारी- भरत डाकलिया, चुग्गा घर प्रभारी (पक्षी दाना)- विनेश चोपड़ा, युवा संगठन प्रभारी -विनोद डढ्ढा, सूचना प्रशासन प्रभारी- बालचंद पारख, पुस्तकालय एवं वाचनालय प्रभारी - हेमंत तिवारी, आंगनबाड़ी प्रभारी - गुरमुख दास वाधवा, सांस्कृतिक प्रभारी- प्रकाश रंगारी, पेयजल प्रभारी- हरीश जैन, विधि सलाहकार -धर्मेंद्र जैन, कार्यकारिणी सदस्य विनोद रायचा, गौतम बाफना, प्रभात कोटडिया, आमंत्रित सदस्य-प्रभात कांकरिया, श्रीकिशन जोशी एवं संतोष सावा। उदयाचल महिला संगठन की अध्यक्ष- श्रीमती भारती बाफना एवं युवा संगठन अध्यक्ष- प्रतीक चोपड़ा।

यह जानकारी बालचंद पारख ने दी।

# आचार संहिता उल्लंघन करने पर तीन डीजे व धुमाल संचालकों के खिलाफ हुई कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। डीजे व धुमाल पार्टी के संचालको द्वारा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन कर देर रात्रि तक डी जे साउण्ड सिस्टम व धुमाल बाजा को काफी तेज आवाज में बजाया जा रहा था। डी जे संचालकों के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही। डी जे व धुमाल संचालको से तीन 407 पिकअप वाहन सहित साउण्ड सिस्टम, डिस्को लाईट एवं धुमाल बाजा को किया गया जप्त।

आरोपियों में मो. सफी पिता अब्दुल गफ्फार गौरी उम्र 37 साल साकिन सदर बाजार लक्ष्मी मंदिर के पास थाना बसंतपुर, रिक्की सोनेकर पिता अजय सोनेकर उम्र 36 साल साकिन गौशाला वार्ड बडी पानी टंकी के पास गोंदिया, मोनू यादव पिता माखन यादव उम्र 29 साल साकिन जमातपारा, केन्द्रीय चुनाव आयोग भारत सरकार द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 परिपेक्ष्य में 16 मार्च 2024 से सम्पूर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागु किया गया है, जिसका सभी आम जनता को अनिवार्य रूप से पालन किया जाना है। कि दिनांक 18-19/05/2024 के दरम्यानी रात्रि में डीजे. संचालकों एवं धुमाल पार्टियों के द्वारा जिला प्रशासन के बिना अनुमति के आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए देर रात्रि तक अत्यधिक आवाज में डीजे साउण्ड सिस्टम एवं धुमाल बाजा को बजाने से शहर के आम रहवासियों को काफी परेशानियां हो रही थी। जिस पर घटना स्थल पारीकला के पास मेन रोड मे श्री शिवम धुमाल पार्टी के संचालक मो0 सफी पिता अब्दुल गफ्फार गौरी उम्र 37 साल साकिन सदर बाजार लक्ष्मी मंदिर के पास थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव के कब्जे से वाहन टाटा 407 पिकअप क्रमांक सी0जी0 08 ए के 3220 मे लगा साउण्ड सिस्टम एवं डिस्कोलाईट व धुमाल एवं घटना स्थल तिरंगा चौक कन्हारपुरी मे साई कृपा धुमाल पार्टी के संचालक रिक्की सोनेकर पिता अजय सोनेकर उम्र 36 साल साकिन गौशाला वार्ड बडी पानी टंकी के पास गोंदिया थाना सिटी कोतवाली जिला गोंदिया महाराष्ट्र के कब्जे से वाहन टाटा 407 पिकअप क्रमांक सीजी 08 एल 1026 मे लगा साउण्ड सिस्टम डिस्कोलाईट व धुमाल बाजा तथा घटना स्थल मानव मंदिर चौक राजनांदगांव के पास से देवभूमि धुमाल पार्टी के संचालक मोनू यादव पिता माखन यादव उम्र 29 साल साकिन जमातपारा के कब्जे से वाहन टाटा 407 पिकअप क्रमांक सी0जी0 24 ई 4190 मे लगा साउण्ड सिस्टम डिस्कोलाईट व धुमाल बाजा को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। तीनो डी जे धुमाल संचालकों के खिलाफ छग कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4, 15 के तहत पृथक-पृथक कार्यवाही की गई, डीजे धुमाल संचालकों के खिलाफ आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

# बीस वर्षीय युवक का संदिग्ध अवस्था में फंदे पर लटकते मिला शव

## देवरसुर शादी समारोह में सम्मिलित होने आया

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। ब्लाक मुख्यालय यहां से पांच किलोमीटर दूर ग्राम देवरसूर के नाले समीप स्थित कहवा के पेड़ पर बीस वर्षीय युवक अक्षय कुमार मण्डावी की शव फांसी के फंदे पर लटकते हुए मिला है। फांसी पर लटके युवक के पैर से खून निकल रहा था जिस कारण संदिग्ध लग रहा था। केसरीटोला निवासी अक्षय कुमार मण्डावी पिता हीरालाल मण्डावी अपने अन्य दो दोस्तों के साथ गुरुवार की रात में अपने गांव से देवरसूर शादी समारोह में सम्मिलित होने आया था।

रात भर शादी के रस्मों में शामिल रहा व दूसरे दिन शुक्रवार को भी समारोह में सम्मिलित रहा। जबकि अक्षय के साथ में आए उनका दोस्त केसरीटोला वापस चले गए। गांव वाले भी देर रात तक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल रहे। दूसरे दिन चरवाहे की नजर कहवा पेड़ पर रस्सी के सहारे लटकती लाश पर पड़ी, उन्होंने गांव में जाकर जानकारी दी, तब पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव का शिनाख्त कराया तब केसरीटोला निवासी अक्षय का शव होना साबित हुआ व उनके परिजनों को सूचना देकर शव को पंचनामा कब्जे में लेकर मौत के कारणों का पता लगाने शव विच्छेदन गृह अम्बागढ़ चौकी भेजा गया है। पोस्टमार्टम पश्चात शव कफन दफन के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। विवेचक हिरेन्द निषाद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, उसके बाद ही जांच आगे बढ़ पायेगी।

अक्षय के पिता हीरालाल मण्डावी ने बताया कि दो लड़कों में छोटा था। गुरुवार रात को साथ में ही खाना खाये है, उसके बाद रात में आराम करने चला गया वह रात में कितने बजे देवरसूर चला गया उसे पता नहीं, जबकि देवरसूर में रिश्तेदारी है न निमंत्रण भी नहीं मिला था।

### शादी कार्यक्रम में नाचते समय विवाद हुआ था

बताया जाता है कि शादी में नाचते समय किसी लड़की से विवाद हुआ था व अक्षय ने लड़की की पिटाई कर दिया था उसके बाद शादी कार्यक्रम में शामिल हुए अन्य लोगों ने अक्षय की भी पिटाई कर दी।

जहां अक्षय ने माफी भी मांग लिया। मामला बिगड़ते देख उनके दोस्त केसरीटोला वापस चले गए। लेकिन शुक्रवार को अक्षय दिन भर देवरसूर में ही रहा शनिवार को लाश लटकती मिली।

# शहर का पुत्री शाला बना शराबियों का अड्डा



## आंगनबाड़ी के सामने सजती है शराबियों की महफिल

राजनांदगांव(दावा)। शहर का गुरूद्वारा रोड स्थित पुत्री शाला इन दिनों शराबियों का अड्डा बना हुआ है। यहां स्थित आंगनबाड़ी के सामने रोजना शराबियों की महफिल जमती है और छककर मदिरा पान किया जाता है। इस ओर न तो स्कूल प्रबंधन का देखना सुनना होता है ओर न वार्ड पार्षद इस ओर ध्यान देना जरूरी समझता। पुत्री शाला स्थित आंगनबाड़ी के दरवाजे के सामने दिनदहाड़े शराब खोरी होते देख कर एक जागरूक नागरिक ने इन दारुबाज लोगों की लानत-मलामत की तब मुंह उठाकर भाग खड़े हुए।

बताया जाता है कि पुत्री शाला स्कूल एक प्रकार से असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। ज्ञान के मंदिर को लोग शराब खाना बना लिए है। रात में यह अय्यासी का अड्डा बना रहता है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं जाने से असमाजिक तत्वों की बन आई है। बताया जाता है कि रात में वहा अंधेरा रहता है। इसका फायदा बदशाथ तत्व के लोग उठाते है। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह पुत्री शाला असमाजिक तत्वों का अड्डा बनकर रह गया है।

# रेवाडीह शराब भट्ठी में मारपीट की घटना

## फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम ने कर्मचारी को मारे थप्पड़

राजनांदगांव(दावा)। शहर के रेवाड़ीह स्थित शराब भट्ठी में मारपीट की घटना सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार 18 मई शनिवार को रेवाडीह शराब भट्ठी में फ्लाइंग स्काट रायपुर की टीम द्वारा वहां के कर्मचारी के साथ मारपीट की गई।

जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। वही टीम द्वारा उक्त कर्मचारी से भी कोरे कागज पर हस्ताक्षर लिया गया है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि नहीं की जा रही, किंतु वीडियो में नजर आ रहे सीन इसकी जरुर गवाही दे रहे हैं। वैसे भी शहर के शराब दुकानों में शराब की कीमत बढ़ा-चढ़ाकर लिए जाने की बात सामने आ रही है। दूसरे प्रदेशों के शराब यहां धड़ल्ले से आप रहे है। शिकायत ऊपर तक जाने के बाद पुलिस अफसरों को मिले निर्देश के चलते शराब की अवैध तस्करी व परिवहन की धरपकड़ तेज कर दी गई है।

इस क्रम में रायपुर के फ्लाइंग स्क्वॉड यहां आकर कोई कार्रवाई करें तो अन्यथा नहीं कहा जा सकता। बहरहाल सूत्रों की मानें तो वार्ड नंबर 22 के सुपरवाइजर को हटाकर दूसरे को लाने की तैयारी चल रही है। लगभग 4 वर्ष पहले एक कर्मचारी को अधिक दर पर शराब बेचने के संबंध में निकाला गया था।

उसे फिर से काम में रखने को तैयारी चल रही है। इन सबके पीछे आखिर आबकारी विभाग क्या करना चाह रहा है यह तो सोचनीय विषय पर लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि शराब कोचियों को बढ़ावा देने के लिए यह सब किया जा रहा है। फिलहाल वीडियो देखी घटना में कर्मचारी के साथ मारपीट किया जाना स्पष्ट नजर आ रहा है। मारपीट किस कारण हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़
जिला-खैरागढ़ -छुईखदान गण्डई (छ.ग.)

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश पिता प्रीतराम जाति लोधी निवासी ग्राम करेला तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान गण्डई के द्वारा ग्राम करेला प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. मुढ़ीपार तहसील खैरागढ़ स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 644/3 रकबा 0.028 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 27/05/2024 की नियत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना ही यह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/अपने अधिवक्ता/अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं. नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 10/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी(रा.)
खैरागढ़

# छत्तीसगढ़ में पहली बार दिखा जीपीएस टैग वाला व्हिम्ब्रेल पक्षी

**अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ में पहली बार जीपीएस टैग वाला प्रवासी पक्षी कैमरे में कैद हुआ है। व्हिम्ब्रेल पक्षी को बेमेतरा जिले के बेरला के पास जलाशय में देखा गया है। अंबिकापुर के पक्षी प्रेमी डॉ. हिमांशु गुप्ता के साथ रायपुर के जागेश्वर वर्मा और अविनाश भोई की टीम ने इसकी फोटोग्राफी की है। भारत के शोधकर्ताओं, विज्ञानियों और पक्षी प्रेमियों के साथ ई बर्ड से जुड़े लोगों के सहयोग से यह कार्य हुआ है।**





यह पक्षी कई महासागर और महाद्वीप को पार करने में माहिर है। व्हिंब्रेल पक्षी घुमावदार चोंच और धारीदार सिर के साथ आसानी से शिकार कर लेता है। पानी के आसपास पाए जाने वाले सभी कीड़े मकोड़े इसका आहार होते हैं। इसके प्रवास और पसंदीदा क्षेत्र को सैटेलाइट टैगिंग की मदद से पता किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में प्रवासी पक्षियों के अध्ययन में जीपीएस टैगिंग वाला व्हिम्ब्रेल पक्षी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसमें पीले रंग का टैग लगा हुआ है। पक्षी प्रेमियों का मानना ही कि जियो टैगिंग से प्रवासी पक्षी के भ्रमण काल, क्षेत्र, पसंदीदा वातावरण का अध्ययन करने में मदद मिलेगी। प्रवासी पक्षियों पर टैगिंग से जलवायु परिवर्तन पर शोध करने में भी मदद मिलती है।

जियो टैग किए गए पक्षी पहले भी भारत में देखे गए हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ के लिए यह पहला है। मेडागास्कर के पास ला रीयूनियन में टैग किए जाने के बाद इस पक्षी का संभवतः पहला फोटोग्राफिक रिकार्ड छत्तीसग? में ही हुआ है टैग किए जाने के बाद भारत में पहली बार यह पक्षी देखा गया है। 18 मई को यह कैमरे में कैद हुआ है।

**मेडागास्कर के पास स्थित री यूनियन द्वीप से आया है प्रवासी पक्षी**

### पक्षी का नाम दिया गया है मेरलीन

पक्षी प्रेमी व कैंसर विशेषज्ञ डा हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इस पक्षी का नाम मेरलीन दिया गया है।यूनिवर्सिटी डे, ला रीयूनियन के प्रोफेसर मैथ्यू लेकोरे द्वारा इसकी टैगिंग की गई है। खोज एजेंसी फ्रांसीसी जैव विविधता कार्यालय, रीयूनियन द्वीप समूह, मेडागास्कर है। प्रोजेक्ट का नाम लिमोईयो है। यह पश्चिमी हिंद महासागर के प्रवासी जलचरों की पारिस्थितिकी और संरक्षण के लिए एक फ्रांसीसी संक्षिप्त शब्द है।

### सात मार्च को हुई है टैगिंग, कई देशों से होते हुए पहुंचा है भारत में

डॉ. हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इस पक्षी को सबसे पहले 16 नवंबर को इसके शीतकालीन प्रवास स्थल रीयूनियन द्वीप पर पकड़ा गया था। इस दिन पक्षियों को अंगूठी पहनाई गई थी। इसे सात मार्च को दोबारा तैयार किया गया और जीपीएस टैगिंग की गई। पक्षी 22 मार्च तक री यूनियन में रहा, फिर उसने मॉरीशस की ओर उड़ान भरी जो केवल 200 किमी दूर है। यह 13 अप्रैल को मॉरिशस से रवाना हुआ और उत्तर की ओर हिंद महासागर को पार कर गया। यह 16 अप्रैल को यमन के पास सोकोट्रा द्वीप पर पहुंचा। इसके बाद दो मई को इसने फिर से उत्तर की ओर उड़ान भरी। यह चार मई को पाकिस्तान पहुंचा।

यह सिंधु डेल्टा पर 10 दिनों तक खड़ा रहा और फिर पूर्व की ओर उड़ गया। यह बालाघाट मध्य प्रदेश तक पहुंचा और 17 मई तक वहां दर्ज किया गया। इसके बाद यह छत्तीसगढ़ की झील में चला गया जहां यह अब है। यह पक्षी अपने प्रजनन स्थल की ओर जा रहा है, जो उत्तरी साइबेरिया में कहीं होना चाहिए।

### उम्मीद है फिर आएगा : डॉ हिमांशु गुप्ता

पक्षियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए लंबे समय से कार्य कर रहे डा हिमांशु गुप्ता ने बताया कि सैटेलाइट के माध्यम से इस पक्षी का अध्ययन जारी है। यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि यह पक्षी प्रजनन के लिए कहां जाता है। उम्मीद कि यह फिर से छत्तीसगढ़ वापस आएगा। छत्तीसगढ़ को प्रवासी पक्षियों के लिए एक सुरक्षित स्थल बनाया जा सकता है। इसके लिए जल निकायों को संरक्षित रखने की आवश्यकता है।

## सुरेश रैना बने छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के ब्रांड एंबेसडर, डिप्टी सीएम अरुण साव से की मुलाकात

**रायपुर। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के ब्रांड एंबेसडर बनाए गए हैं। रायपुर पहुंचे सुरेश रैना डिप्टी ष्टरूअरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।**



इस दौरान मीडिया से बातचीत में सुरेश रैना ने कहा, छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग शुरू होने वाले हैं। क्रिकेट लीग की तैयारियों को लेकर रायपुर आया हूं। छत्तीसगढ़ में इस लीग से क्रिकेट को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। वहीं रैना ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को मिली जीत पर कहा, विराट कोहली भी अच्छा करें। वो भी फाइनल के लिए क्वालिफाई करें। कोहली हिंदुस्तान का उभरता सितारा है। महेंद्र सिंह धोनी अगले साल फिर देखेंगे आइपीएल में खेलते हुए। बतादें कि आइपीएल की तर्ज पर 7 जून से छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आगाज होगा। इसमें कुल छह टीमें भाग लेंगी। छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग में कुल 18 मैच खेलें जाएंगे।

## वित्त विभाग ने समस्त शासकीय विभागों को जारी किए निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। वित्त विभाग द्वारा केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 एवं छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाले सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं (Suppliers) को तथा ठेकेदारों को किये जाने वाले भुगतान पर स्त्रोत पर कर की कटौती (GST-TDS) के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

वित्त विभाग द्वारा समस्त विभाग अध्यक्ष राजस्व मंडल, कमिश्नरों, विभागाध्यक्षों और कलेक्टरों को इस संबंध में जारी निर्देशों में कहा गया है कि शासकीय विभाग या स्थापना, स्थानीय प्राधिकारी, शासकीय अभिकरण, शासन के किसी भी डीडीओ द्वारा (किसी कराधेय वस्तु या सेवा हेतु) रूपये 2.5 लाख से अधिक भुगतान होने पर, 2 प्रतिशत (1 प्रतिशत CGST, 1 प्रतिशत SGST अथवा 2 प्रतिशत IGST) की दर से स्त्रोत पर कटौती GST-TDS किया जाना है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सभी शासकीय विभागों तथा स्थानीय प्राधिकारियों को जीएसटी, के अंतर्गत स्त्रोत पर कटौतीकर्ता (TDS Deducter) के रूप में रजिस्ट्रेशन लिया जाना है। विभागों द्वारा खरीदी जाने वाली सामग्री, मशीन-उपकरण, फर्नीचर, स्टेशनरी अथवा अन्य कोई भी वस्तुएं, निर्माण कार्यों एवं ठेकों (Contract) तथा लिये जाने वाली किसी भी प्रकार की सेवाओं की राशि पर GST-TDS करने के पश्चात्वर्ती माह की 10 तारीख तक रिटर्न GSTR-07 में प्रस्तुत किया जाना है। कई विभागों, कार्यालयों द्वारा (GST-TDS Deductor) के रूप में उक्त प्रावधानों के अंतर्गत जीएसटी पंजीयन नहीं लिया गया है तथा पंजीयन लेने वाले प्राधिकारियों द्वारा सही प्रकार से जीएसटी की स्त्रोत पर कटौती संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे राज्य शासन को जीएसटी से प्राप्त होने वाले राजस्व की क्षति हो रही है। इस संबंध में विभागों को निर्देशित किया गया है कि समस्त भुगतान कर्ता प्राधिकारियों, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा केंद्रीय एवं छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के अंतर्गत स्त्रोत पर कटौती के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी वस्तु अथवा सेवा प्रदाय कर्ता द्वारा एक वित्तीय वर्ष के दौरान एक ही क्रय/सेवा आदेश के विरूद्ध पृथक-पृथक देयकों में राशि का विभाजन करते हुए जीएसटी की स्त्रोत पर कटौती हेतु निर्धारित 2.5 लाख की सीमा का उल्लंघन न हो। इसके साथ ही समस्त कोषालयों, उप कोषालयों, निर्माण विभागों, वन विभाग के भुगतान प्राधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी प्रस्तुत देयकों में प्रदायकर्ताओं की जीएसटीआईएन को चिन्हांकित करने की व्यवस्था की जाए तथा देयकों के भुगतान के पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रदायकर्ता द्वारा दिया गया जीएसटीआईएन वर्तमान में सक्रिय/वैध हो।

## मुंबई के इस इलाके में होगा बम विस्फोट!, पुलिस को मिली मैकडॉनाल्ड को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली (आरएनएस)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के दादर इलाके में स्थित मैकडॉनाल्ड को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक धमकी भरा कॉल मिला है।

फोन करने वाले शख्स ने पुलिस को बताया कि वो बेस्ट की बस नंबर- 351 में यात्रा कर रहा था। उसी दौरान उसने दो लोगों को मैकडॉनाल्ड उड़ाने की बात करते सुना। इस बात की जानकारी कॉलर ने शनिवार की रात पुलिस कंट्रोल को कॉल कर दी। इस कॉल के बाद मुंबई पुलिस जांच और छानबीन में जुट गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

इन दिनों बम धमाके की धमकी की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। बीते दिनों दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट के शौचालय में एक टिशू पेपर पर 'बम' लिखा हुआ मिला, जिसके बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियों ने इसकी जांच की और आखिर में बम होने की सूचना को अफवाह बताया। इससे पहले ईमेल के जरिए इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयपोर्ट के साथ-साथ दिल्ली के कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसे पुलिस ने जांच के बाद महज अफवाह बताया।

## उड़ान भरते ही विमान के इंजन में धधकने लगी आग, बेंगलुरु एयरपोर्ट पर कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग; बड़ा हादसा टला



नई दिल्ली (आरएनएस)। एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के एक इंजन में शनिवार रात उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने के कारण बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उसकी आपात लैंडिंग कराई गई। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया।

विमान बेंगलुरु से कोच्चि जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि उड़ान भरने के तुरंत बाद चालक दल के सदस्यों ने इंजन में आग लगने के बारे में एटीसी को सूचना दी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा, बेंगलुरु-कोच्चि फ्लाइट के उड़ान भरते ही दाहिने इंजन से आग की लपटे निकलती देखी गईं। इसके बाद विमान को वापस उतारने का फैसला किया गया और शनिवार रात विमान बेंगलुरु हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा। ग्राउंड सर्विसेज ने भी आग की सूचना दी थी। विमान को खाली कराया गया।

उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया और किसी को चोट नहीं आई है। एयरलाइंस यात्रियों के लिए वैकल्पिक विमान की व्यवस्था कर रही है। प्रवक्ता ने कहा कि नियामक के साथ मिलकर घटना की पूरी जांच की जाएगी।

## सनातन धर्म सेवा परिवार ने रेल्वे स्टेशन में नि:शुल्क प्याऊ घर खोला




राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी में मोहन एकादशी के उपलक्ष में 19 मई 2024 को दोपहर 12 बजे रेल्वे स्टेशन इन्द्रलोक होटल के बाजू सनातन धर्म सेवा परिवार द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए नि:शुल्क शीतल ठण्डा जल अमृत प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया है।

सर्वप्रथम भगवान लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना कर प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया है, प्याऊ घर का शुभारंभ शारदा तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, राकेश ठाकुर, सौरभ खण्डेलवाल, कमलेश ठक्कर, विमल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, शिव वर्मा, प्रियंक सोनी, राजेश शर्मा के करकमलों द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सनातन धर्म महासभा के जिला संरक्षक शारदा तिवारी, जिला अध्यक्ष ममता सोनी, शहर अध्यक्ष अनुराधा अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री सुषमा ड्क्षसह, ममता शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा, रंजना शर्मा, ममता शर्मा, मधु अग्रवाल, शारदा शर्मा, आरती शर्मा, अभिलाषा ठाकुर, ममता अवस्थी, माया शर्मा, सुनीता त्रिवेदी, वंदना तिवारी, पुष्पा सोनी, साधना तिवारी, पलक शर्मा इस शुभ अवसर पर अधिक संख्या में सनातन धर्म सेवा परिवार के सदस्य उपस्थित हुए।

## छत्तीसगढ़ संविदा कर्मचारियों के हक में सुप्रीम कोर्ट का आया बड़ा फैसला

नई दिल्ली/रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में पिछले करीब 10 साल से संविदा और अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा सियासी गलियारों में गूंज रहा है। नियमितीकरण की मांग को लेकर कई बार कर्मचारी आंदोलन भी कर चुके हैं। अगर पिछली भूपेश सरकार की बात करें तो उन्होंने कर्मचारियों से वादा किया था कि सत्ता में आते ही संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी कांग्रेस ने अपना वादा पूरा नहीं किया। लेकिन इस बीच कल सुप्रीम कोर्ट ने संविदा कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला दिया है।

**संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की राह होगी आसान**

दरअसल गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में विजय कुमार गुप्ता सहित 98 कर्मचारी दैनिक वेतनभोगी के तौर पर कार्यरत थे। ये सभी कर्मचा?री विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से करीब 10 साल या उससे अधिक समय से कार्यरत थे। साल 2008 में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इन सभी कर्मचारियों को नियमित करने का आदेश जारी किया था। जारी आदेश के अनुसार 10 साल या उससे ज्यादा समय तक सेवा चुके कर्मचारियों को नियमित किया जाना था। इस आदेश के परिपालन में उच्च शिक्षा संचालक ने भी 26 अगस्त 2008 को विभाग में कार्यरत ऐसे कर्मियों को स्ववित्तीय योजना के तहत नियमितीकरण और नियमित वेतनमान देने का आदेश दिया। मार्च 2009 तक इन्हें नियमित वेतन भी दिया गया। इसके बाद बिना किसी जानकारी या सूचना दिए यूनिवर्सिटी ने नियमित वेतन देना बंद कर दिया था।

कर्मचारियों को सुनवाई का अवसर दिए बिना ही उन्हें कलेक्टर दर पर वेतनमान देने का आदेश जारी कर दिया। इसके साथ ही 10 फरवरी 2010 को तत्कालीन रजिस्ट्रार ने 22 सितंबर 2008 को जारी शासन के नियमितीकरण को भी निरस्त कर दिया। रजिस्ट्रार के इस आदेश को चुनौती देते हुए कर्मचारियों ने अधिवक्ता दीपाली पाण्डेय के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें बताया गया कि गुरु घासीदास विवि को राज्य सरकार से केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में स्वीकार किया गया है। लिहाजा, राज्य शासन के अधीन कार्यरत सभी कर्मचारियों को उसी स्थिति में केंद्रीय विश्वविद्यालय में शामिल करना चाहिए, जिस स्थिति में कर्मचारी राज्य विश्वविद्यालय में कार्यरत थे। लेकिन, यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने ऐसा नहीं किया।

## एनबीआईएस बोरी में नीट, जेईई तथा सीए फाउंडेशन परीक्षाओं की विशेष तैयारी नि:शुल्क - इंज़ि. नीरज बाजपेयी




राजनांदगाँव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में उच्च कक्षाओं में विज्ञान संकाय (बायोलाजी, मैथ्स) तथा वाणिज्य संकाय की कक्षाएं संचालित की जा रही है। जिसमें विषय अनुरूप शहर के श्रेष्ठ शिक्षकों का मार्गदर्शन छात्रों को मिल रहा है। संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि इस वर्ष इन्हीं विषय विशेषज्ञों के द्वारा स्कूल की पढ़ाई के उपरांत अतिरिक्त कक्षाओं के द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नीट, जेईई एवं सीए फाउण्डेशन की पढ़ाई भी पालकों के आग्रह पर कराने की विशेष व्यवस्था की जा रही है, जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की इच्छा रखने वाले सीमित छात्रों की क्लास बनाकर एक्स्ट्रा क्लासेस में नि:शुल्क मार्गदर्शन दिया जायेगा। जिससे बच्चों को दूसरे शहरों में जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने से निजात मिलेगी।

ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्रों को जेईई, नीट हेतु मैथ्स विषय के लिए दिलीप चोपड़ा सर (भिलाई) 24 वर्षो का अनुभव, केमेस्ट्री हेतु डॉ. इतेश जंघेल सर (पी.एच.डी.-केमेस्ट्री) 24 वर्षो का अनुभव, स्नेहा जोगी मैम (एमएससी गोल्ड मेडलिस्ट) 9 वर्षो का अनुभव, बायो हेतु हार्दिक ठक्कर सर (अनअकेडमी एंड आकाश का 3 वर्षो का अनुभव), फिजिक्स हेतु परिवेश जैन सर (एनआईटी) 5 वर्षो का अनुभव, तथा सीए फाउंडेशन परीक्षाओं की भी तैयारी हेतु दीपेश पटेल सर, 26 वर्षो का अनुभव, हितेश रायचा सर, 10 वर्षो का अनुभव, स्नेहा अलप्पा मैम, 18 वर्षो का अनुभव, प्रतीक रहनडाले सर, 10 वर्षो का अनुभव, द्वारा मार्गदर्शन दिया जायेगा।

**9वीं तथा 11वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने पर प्रवेश शुल्क पर 100 प्रतिशत की छूट**

शाला में नये सत्र से कक्षा नवमीं एवं दसवीं के बच्चों को जेईई, नीट हेतु आधार बनाने हेतु मैथ्स एवं साइंस के विषय विशेषज्ञों जिसमें अमान सिद्दिकी सर (12 वर्षो का अनुभव) मनीष देवांगन सर (5 वर्षो का अनुभव) दक्षा जोबनपुत्रा मैम (7 वर्षो का अनुभव) स्वप्निल तिवारी मैम (8 वर्षो का अनुभव) प्रियांश सोनी सर (5 वर्षो का अनुभव) की देखरेख में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु बेसिक फाउंडेशन कोर्स कराया जायेगा। इन प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ ही शाला में फिजिकल एजुकेशन डॉ. विकास वैष्णव तथा योगेश चौहान सर, अंग्रेजी हेतु निधि शुक्ला तथा मनीषा शर्मा मैम, हिन्दी विषय हेतु स्मिता भारद्वाज तथा गीता वैष्णव मैम, सामाजिक विज्ञान हेतु सुष्मिता मंडल मैम तथा कम्प्यूटर हेतु शुभांशी शर्मा व मेघा रक्टाटे मैम द्वारा ली जाती है। एनबीआईएस में आधुनिकता को देखते हुए शारीरिक तथा मानसिक रुप से बच्चों के समग्र विकास के लिए नवीन इंडोर खेलों की व्यवस्था की गयी है। ग्यारह एकड़ के शाला परिसर में नये दो बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, हैंडबाल, दो व्हालीबाल कोर्ट, दो टेबल टेनिस, फूटबॉल, खो-खो, हैंडबॉल, क्रिकेट एवं क्रिकेट के लिए नेट प्रेक्टिस पिच एवं ओपन जिम की स्थापना की गयी है। इंडोर तथा आउटडोर गेम के लिए सर्वसुविधायुक्त मैदान के साथ खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति भी की गयी है। एनबीआईएस की मेस सुविधा को पालकों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। बच्चों के गरम, पौष्टिक, ताजा भोजन एवं दूध की प्रशंसा पालकों द्वारा की जाती रही है। जीपीएस एवं कैमरे मॉनिटरिंग सुविधा के साथ बच्चों को बसों से सुरक्षित लाने-ले जाने की व्यवस्था की गई है। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले छात्रों के लिए शहर में आवासीय परिसर की व्यवस्था भी इस सत्र से की जा रही है। बच्चों के परिणाम से संतुष्ट शाला द्वारा इस नये सत्र से कक्षा नवमीं व ग्यारहवीं के 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को नये कक्षा में प्रवेश पर प्रवेश शुल्क की सौ प्रतिशत तथा अस्सी तथा अस्सी से कम अंक प्राप्त छात्रों को प्रवेश पर पचास प्रतिशत की छूट प्रदान जा रही है। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल-बोरी (96914-07311) में नये सत्र 2024-25 में पालकों के विशेष आग्रह पर डोंगरगाँव तथा डोंगरगढ़ से बोरी स्कूल हेतु सीधे बस की सुविधा दी जा रही है। समय और आधुनिकता को ध्यान में रखते हुए एनबीआईएस का उद्देश्य बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान कराना है।

## पहले पत्नी को बेरहमी से पीटा, फिर प्राइवेट पार्ट पर कील ठोंक कर लगा दिया ताला



मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र के पिंपरी-चिंचवाड़ इलाके में बहुत ही शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी के गुप्तांग पर कील ठोंक दी। इतना ही नहीं प्राइवेट पार्ट में पीतल का ताला भी लगा दिया। महिला की हालत गंभीर है और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नेपाल का रहने वाला है।

बताया जाता है कि आरोपी युवक को शक था कि उसकी पत्नी का अफेयर चल रहा है। इसी शक में उसने 28 साल की अपनी बीवी को बुरी तरह मारा और फिर उसके निजीं अंगों को भी नुकसान पहुंचाया। सनकी पति ने इसके बाद भी हैवानियत जारी रखी और पत्नी को पीटता रहा। महिला मदद के लिए चिल्लाने लगी और खून से लथपथ फर्श पर लेटकर दर्द से कराहने लगी। महिला को अस्पताल ले जाया गया जहां फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। महिला को गंभीर चोटें लगने के बावजूद बाद में उसने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

CMYK

# अनमोल दावा

**मोह उसी का करो जिस पर आपका अधिकार है, जिस पर आपका अधिकार ही नहीं है, उसका मोह भी नहीं करना चाहिए।**

## धनशोधन मामले में गिरफ्तारियों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने ईडी को दी नसीहत

पिछले कुछ वर्षों से धनशोधन मामलों में जिस तरह ईडी सक्रिय नजर आ रहा है और विपक्ष के अनेक नेताओं और उनसे संबंधित लोगों को सलाखों के पीछे डाल चुका है, उसे लेकर लगातार आपत्ति दर्ज कराई जाती रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को कड़ी नसीहत दी है। उसने व्यवस्था दी है कि अगर धनशोधन के मामले में किसी व्यक्ति के खिलाफ विशेष अदालत ने संज्ञान लिया है, तो ईडी उसे गिरफ्तार नहीं कर सकती। अगर आरोपी अदालत के बुलाने पर हाजिर होता है, तो उसे हिरासत में लेने के लिए ईडी को अदालत में आवेदन करना होगा और फिर न्यायालय बहुत जरूरी होने पर ही उसे हिरासत में भेजने का फैसला कर सकता है। धनशोधन निवारण अधिनियम की धारा 19 के तहत उसकी गिरफ्तारी नहीं की जा सकती। यह फैसला एक तरह से ईडी की उसकी सीमा बताने वाला है। इसी धारा के तहत ईडी किसी आरोपी को गिरफ्तार कर सकती है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि इस धारा के तहत गिरफ्तारी के बाद किसी आरोपी को जमानत देना मुश्किल हो जाता है।

हालांकि एक वर्ष पहले भी सर्वोच्च न्यायालय ने ईडी को नसीहत दी थी कि धनशोधन मामले में गिरफ्तारियों को लेकर वह अतिरिक्त उत्साह न दिखाए। उसके बाद भी स्पष्ट निर्देश दिया था कि ईडी तभी किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करे, जब उसके पास आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत हों, उसके बारे में वह स्पष्ट उल्लेख करे।

दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से धनशोधन मामलों में जिस तरह ईडी सक्रिय नजर आ रहा है और विपक्ष के अनेक नेताओं और उनसे संबंधित लोगों को सलाखों के पीछे डाल चुका है, उसे लेकर लगातार आपत्ति दर्ज कराई जाती रही है। एक वर्ष पहले सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि ईडी भय का माहौल पैदा न करे। उसकी गिरफ्तारियों में राजनीतिक विरोधियों की गिरफ्तारी असाधारण रूप से अधिक है। मगर उस नसीहत का उस पर कोई असर नहीं हुआ। विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियां लगातार जारी रहीं। उनमें से कई नेता अब भी जेल में हैं और उन्हें जमानत नहीं मिल पा रही है। माना जाता है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद इस तरह के छापों और गिरफ्तारियों पर विराम लग जानी चाहिए, ताकि राजनेता चुनाव में समान अधिकार से चुनाव मैदान में उतर सकें। मगर इस दौरान भी छापे रुके नहीं हैं। ईडी की इस सक्रियता के विरोध में विपक्षी दलों ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी, मगर धनशोधन का मामला संवेदनशील होने की वजह से अदालत ने कोई आदेश नहीं दिया था। अब अगर सर्वोच्च न्यायालय इसे लेकर गंभीर और कड़ा रुख अपनाए हुए है, तो ईडी को अपने दायरे का अहसास हो जाना चाहिए। जब भी किसी राजनेता या बड़े अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं, तो ईडी भी पीछे-पीछे वहां पहुंच जाती है और अपने असीमित अधिकारों का इस्तेमाल करती देखी जाती है। धनशोधन के मामले में कड़ी कार्रवाई से इनकार नहीं किया जा सकता। यह देश की सुरक्षा के लिए काफी संवेदनशील मामला है। इसी दृष्टि से धनशोधन निवारण अधिनियम को कड़ा बना गया था। मगर इस कानून को अगर ईडी राजनीतिक विरोधियों को सबक सिखाने के हथियार के रूप में इस्तेमाल करती है, तो इस कानून का प्रभाव संदिग्ध हो जाता है। छिपी बात नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों में इस अधिनियम के तहत गिरफ्तारियां तो तेज हुई हैं, पर दोषसिद्धि बहुत कम हुई है। यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि सर्वोच्च न्यायालय की नई व्यवस्था के बाद ईडी गिरफ्तारियों के मामले में पुनर्विचार करेगा।

## सोम प्रदोष व्रत क्यों किया जाता है ?

सोम प्रदोष व्रत शिव जी को प्रसन्न करने का सबसे श्रेष्ठ दिन माना जाता है. संतान सुख, शीघ्र विवाह और शादीशुदा जीवन में खुशहाली की प्राप्ति के लिए सोम प्रदोष व्रत किया जाता है.

सोम प्रदोष व्रत कैसे करें

20 मई 2024 को सोम प्रदोष व्रत का संयोग बन रहा है. सोम प्रदोष व्रत यानी सोमवार की त्रयोदशी तिथि के दिन सर्वप्रथम सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान आदि कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें. व्रत का संकल्प लें और दिनभर भोजन ग्रहण न करें.

फलाहार कर सकते हैं. शाम को शिव मंदिर में भगवान शिव का बेलपत्र, अक्षत, दीप, धूप, गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करें.

इसके बाद च्ओम उमा सहित शिवाय नमःज् मंत्र का 108 बार जाप करते हुए एक हवन करें. शिव जी की आरती के बाद दान करें. प्रदोष व्रत के दिन झूठ बोलने, तामसिक भोजन, बुजुर्गों का अनादर करने की गलती न करें. इससे शिव जी नाराज हो जाते हैं.

सोम प्रदोष व्रत उपाय

धन के लिए - पैसों की तंगी चल रही है तो धन प्राप्ति के लिए सोम प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव को 11 गोमती चक्र अर्पित करें. शिवलिंग पर दूध अर्पित करते हुए ? ह्रीं ह्रौं नमः शिवाय।। ? तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात।।ये मंत्र बोलें. आर्थिक स्थिति मजबूत होगी.झ संतान के लिए - संतान की इच्छा रखने वालों को सोम प्रदोष व्रत के दिन पंचगव्य से महादेव का अभिषेक करना चाहिए. इसके बाद सुंगधित फूलों से उनका श्रृंगार करें.

चंद्र दोष मुक्ति - पौराणिक कथा अनुसार चंद्र देव जब श्राप से पीड़ित थे तो उन्होंने भगवान शिव की उपासना की थी, जिसके प्रभाव से वह दोष मुक्त हो गए थे. सोम प्रदोष व्रत में चंद्र दोष से छुटकारा पाने के लिए दही, घी, दूध, चावल का दान करें. चंद्र दोष से व्यक्ति की मानसिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है.

# मलेशिया में बांग्लादेशी मज़दूरों के दो-दो लाख में बिकने की कहानी

**तफ़सीर बाबू**

बांग्लादेश में कुष्टिया के भेड़ामारा उप-ज़िला के मासूम अली बीती जनवरी में मज़दूरी करने के लिए मलेशिया गए थे.वहां पहले दो महीने तक उनको कोई काम नहीं मिला. उस दौरान मासूम को एक से दूसरे दलाल के हाथों से गुज़रते हुए लगभग क़ैदी के तौर पर दिन गुज़ारना पड़ा था.तीसरे महीने में मासूम को एक कंपनी में काम मिला. लेकिन काम मिलते ही उनसे पासपोर्ट और तमाम दूसरे दस्तावेज़ छीन लिए गए. उस दौरान मासूम अपने साथ होने वाली घटनाओं के बारे में रोज़ाना कुष्टिया में रहने वाली अपनी पत्नी को बताते रहते थे.उन्होंने अपनी पत्नी को बताया कि काम का बहुत ज़्यादा दबाव अब बर्दाश्त नहीं हो रहा है.मासूम की पत्नी रत्ना बेगम बताती हैं, ÷वहां उनको सुबह से रात तक काम करना पड़ता था. अक्सर उनको आधी रात के समय भी काम करने के लिए बुला लिया जाता था. खाने-पीने का भी कोई भरोसा नहीं था. लगातार काम करने के बावजूद उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी. रत्ना ने बीबीसी को बताया कि नई कंपनी में क़रीब एक महीना काम करने के बाद उनके पति ने वहां से भागने का प्रयास किया था. लेकिन उनको पकड़ लिया गया.उसके बाद उन पर शारीरिक अत्याचार का सिलसिला शुरू हो गया. रत्ना को बीते एक महीने से अपने पति के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है.वह बताती हैं, ÷अप्रैल में ईद से कुछ दिन पहले अचानक एक दिन मेरे पास पति का फ़ोन आया था. उन्होंने बताया कि उनके साथ काफ़ी मारपीट की जा रही है. कान के पास से ख़ून बह रहा है. पति ने वीडियो कॉल पर अपनी चोट दिखाई थी. उन्होंने उस दिन कहा था कि यह लोग मुझे मार डालेंगे, मुझे बचा लो. उसके बाद महीने भर से ज़्यादा समय बीत चुका है. लेकिन मुझे अपने पति के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है. मासूम अली जिस दलाल के ज़रिए मलेशिया गए थे वह ख़ुद भी वहीं रहता है. रत्ना ने अपने पति की जान बचाने के लिए उसके साथ भी संपर्क किया था. लेकिन वह भी मासूम के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सका है.रत्ना बेगम को अब यह नहीं सूझ रहा है कि वे क्या करें और किससे अपने पति को बचाने की गुहार लगाएं?बांग्लादेश से हर साल जिन देशों में सबसे ज़्यादा लोग मज़दूरी करने जाते हैं उनमें मलेशिया का स्थान काफ़ी ऊपर है.



मोटे अनुमान के मुताबिक़, वहां मज़दूरी करने के लिए 14 लाख से भी ज़्यादा लोग जा चुके हैं.वहां पहुंचने के बाद इन मज़दूरों में से कइयों के साथ धोखाधड़ी और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप नए नहीं हैं.लेकिन हाल में ऐसी कई घटनाओं के सामने आने के बाद संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त के कार्यालय समेत विभिन्न घरेलू और विदेशी अंतरराष्ट्रीय संगठन इस मामले में सक्रिय हुए हैं.

लेकिन मलेशिया जाने वाले बांग्लादेशी मज़दूरों को आख़िर किन हालात का सामना करना पड़ रहा है? यह भी एक बड़ा सवाल है कि वहां बांग्लादेश के मज़दूरों को अत्याचारों का सामना क्यों करना पड़ रहा है?मन्नान मियां (बदला हुआ नाम) बांग्लादेश की राजधानी ढाका से आठ महीने पहले मलेशिया गए थे. उनके साथ एक ही कंपनी में काम करने के लिए एक ही उड़ान से 35 दूसरे लोग भी गए थे.

वहां जाने से पहले नियोक्ता एजेंसी के साथ उन्होंने समझौते पर हस्ताक्षर किए थे. उसमें वेतन और नियोक्ता कंपनी के नाम का ज़िक्र किया गया था.लेकिन मलेशिया पहुंचने के बाद उस समझौते को लागू नहीं किया गया. मन्नान मियां का दावा है कि उन सबको दो-दो लाख टका में विभिन्न कंपनियों को बेच दिया गया था. उन कंपनियों में तय वेतन के मुक़ाबले काफ़ी कम पैसे पर काम कराया जाता था.

मन्नान मियां बीबीसी बांग्ला को बताते हैं, ÷हमारा वेतन 25 हज़ार बांग्लादेशी टका था. हालांकि पहले हमसे 50 हज़ार टका से भी ज़्यादा मासिक वेतन देने की बात तय हुई थी. तीन महीने बाद हमने कंपनी के सुपरवाइज़र से ओवरटाइम देने की मांग की. लेकिन वेतन-भत्ते का सवाल उठाते ही सुपरवाइज़र ने लोहे की छड़ से हमारे साथ मारपीट शुरू कर दी. हमारे साथ काफ़ी मारपीट की गई. बाद में उसने धमकी दी कि बाहर किसी से मारपीट की बात बताने पर हमें जान से मार दिया जाएगा या फिर हमें बांग्लादेश वापस भेज दिया जाएगा.÷मन्नान मियां समेत सात लोगों ने उस कंपनी से पलायन करने के बाद दूसरी कंपनी में काम शुरू किया है. लेकिन उनके पास अब तक कोई वैध दस्तावेज़ नहीं हैं. ऐसे में वह लोग फ़िलहाल पुलिस के हाथों गिरफ़्तारी के आतंक के बीच दिन काट रहे हैं.मलेशिया पहुंचने के बाद बांग्लादेशी मज़दूरों को सबसे पहले जिस धोखाधड़ी का शिकार होना पड़ता है वह है वहां कोई काम नहीं होना. यानी जिस काम के लिए उनको वहां ले जाया जाता है वहां वह काम या नौकरी ही नहीं है. इसके बाद अपर्याप्त वेतन का मुद्दा आता है. समझौते में जितना वेतन देने की बात कही जाती है, हक़ीक़त में उतना नहीं दिया जाता.

तीसरी समस्या है उनके पासपोर्ट और वीज़ा को छीन लेना. एजेंसी के लोग मज़दूरों के मलेशिया पहुंचने के बाद वीज़ा की औपचारिकताएं पूरी करने के नाम पर उनके पासपोर्ट ले लेते हैं. उसके बाद वह लोग उसे लौटाना नहीं चाहते.भुक्तभोगियों का आरोप है कि ज़्यादातर मामलों में पासपोर्ट और वीज़ा दोबारा हासिल करने के लिए 70 हज़ार से एक लाख टका की अतिरिक्त रक़म का भुगतान करना पड़ता है.

इसके अलावा एक छोटे कमरे में ठूंस-ठूंस कर रहना और तीन बार की बजाय दो बार कम मात्रा में खाना मिलने की समस्या है. इन सबके बाद अत्याचार के आरोप अलग हैं.कुआलालंपुर में रहने वाले प्रवासी मजदूर खालेक मंडल (बदला हुआ नाम) बताते हैं कि कुल मिला कर वहां पहुंचने के बाद ज्यादातर मजदूर बंधक जैसी स्थिति में रहने पर मजबूर हो जाते हैं.वह बताते हैं, ÷दरअसल, यहां काम नहीं है. लेकिन सब लोग मज़दूरों को बुला रहे हैं. बांग्लादेश और मलेशिया की जिन कंपनियों के पास मज़दूरों को भेजने या बुलाने की अनुमति है, उनके लिए यह एक व्यापार बन गया है. जिनके पास 50 मज़दूरों को नौकरी पर रखने की क्षमता है वह सात सौ मज़दूरों को यहां बुला रहा है. यह कैसे संभव है. उनको आख़िर इसके लिए ज़रूरी अनुमति कैसे मिल रही है. उनकी क्षमता की जांच क्यों नहीं की जा रही है. दरअसल, हम सब लोग यहां बंधक हैं.÷

खालेक मंडल बताते हैं कि उनको ख़ुद भी आने से पहले हुए समझौते के मुताबिक़ तयशुदा कंपनी में नौकरी नहीं मिली थी. उनको एक दूसरी कंपनी में काम पर रखा गया है. लेकिन मलेशिया के क़ानून के मुताबिक़ यह ग़ैर-क़ानूनी है. इस वजह से वो फ़िलहाल ग़ैर-क़ानूनी रूप से वहां रहते हुए बंधक की हालत में हैं.

वह बताते हैं, ÷यहां पहुंचने में मुझे क़रीब छह लाख टका ख़र्च करना पड़ा था. फ़िलहाल जहां काम करता हूं वहां रहने की स्थिति में पैसे बचाना तो दूर, परिवार का ख़र्च निकाल कर जीवित रहना ही संभव नहीं है. मजबूरन यहां से पलायन करने के अलावा दूसरा कोई उपाय नहीं है. अगर ऐसा नहीं करना चाहते तो स्वदेश लौटना ही अंतिम विकल्प है. लेकिन वैसा करना भी संभव नहीं है. आख़िर बांग्लादेश लौटने के बाद कर्ज़ का बोझ कैसे उतारेंगे?ब्यूरो ऑफ़ मैनपावर, एम्प्लॉयमेंट एंड ट्रेनिंग (बीएमईटी) के आंकड़ों के मुताबिक़, वर्ष 1976 से 2023 तक बांग्लादेश से 1.60 करोड़ प्रवासी मज़दूर दुनिया के विभिन्न देशों में जा चुके हैं. इनमें से सबसे ज़्यादा क़रीब 57 लाख सऊदी अरब में गए हैं.इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात में 26 लाख और ओमान में 18 लाख मज़दूर गए हैं. इन देशों के बाद ही मलेशिया का स्थान है. वहां अभी तक 14 लाख से ज़्यादा मज़दूर जा चुके हैं. लेकिन अकेले वर्ष 2023 में ही बांग्लादेश से 3.51 लाख प्रवासी मज़दूर मलेशिया गए थे. उसी साल यानी वर्ष 2023 से ही मज़दूरों को काम नहीं मिलने और उन पर अत्याचार और उनके लापता होने जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं.

# विचार सरिता

## मन में बसे हैं राम :151 अपने निज कक्ष में प्रभु श्री राम और माता सीता की हुई भेंट



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

अयोध्या में हर घर में उत्सव का वातावरण है। मार्ग के दोनों ओर दीप स्तंभ की अनेक पांतें हैं। आज अयोध्या में ऐसी दीवाली है, जिसके अगणित प्रकाशपुंजों से नगर का कोना - कोना जगमगा रहा है। सार्वजनिक रात्रि भोज के लिए सीता जी ने ही अग्नि प्रज्वलित की और भोजन बनाने के लिए एक बड़े चूल्हे के ऊपर विशाल पतीले को सबसे पहले उस पर रखा। भोजन बनने के बाद भोजन ग्रहण करने के लिए पंक्तिबद्ध बैठी प्रजा को भोजन परोसने का कार्य भी सबसे पहले सीता जी और अन्य वधुओं ने अपने हाथों से किया।

सार्वजनिक अभिनंदन समारोह के बाद रात्रि को माता-पिता से आशीर्वाद लेकर प्रभु श्री राम ने शयन के लिए राजप्रासाद के अपने निज कक्ष में प्रवेश किया।

कक्ष में पूर्वाभिमुख एक पीठिका में एक छोटा अलंकृत काष्ठ मंदिर रखा हुआ है। श्री राम समझ गए कि इसे जानकी जी अपने मायके से लेकर आई हैं। श्री राम ने ध्यान से देखा, यह मंदिर जनकपुरी के राज उद्यान के पास बने हुए माता भवानी के मंदिर की काष्ठ प्रतिकृति है।

सीता जी श्री राम के आने से अनभिज्ञ, जमीन पर बैठी हुई हाथ जोड़कर माता भवानी से प्रार्थना कर रही हैं।

बहुत देर तक श्री राम यूं ही जानकी जी के पीछे खड़े रहे।

सीता जी के ओंठ प्रार्थना में बुदबुदा रहे हैं..''कोटिशः आभार आपका माता! आपने उस दिन राज उद्यान में मेरी प्रार्थना सुन ली थी और दोनों राजकुमारों का मिथिला प्रवास सुगम और सफल बनाया था।अब मैं तो सीधे पिताश्री से कुछ कह नहीं सकती थी न, तो आपने सारी व्यवस्था करवा दी।....। और शिवजी आपको भी कोटि-कोटि धन्यवाद!.......माना कि ज्येष्ठ राजकुमार सबल और समर्थ हैं, फिर भी आपने अपने धनुष को इतना हल्का कर दिया कि ज्येष्ठ राजकुमार ने उसे इस तरह उठा लिया, जैसे वह रूई का बना हो।''

श्री राम अपनी जगह पर खड़े-खड़े मुस्कुरा रहे हैं। अचानक वैदेही को कक्ष में किसी की उपस्थिति का भान हुआ और उन्होंने पलट कर देखा। श्री राम को अचानक अपने सामने देखकर वे सकुचा गईं।

''हे देव! क्षमा चाहती हूं कि आपकी उपस्थिति से अनभिज्ञ रही। आप कब पधारे?''

''बस कुछ क्षणों पूर्व ही वैदेही! अयोध्या में आपका स्वागत है।.... और आपके मेरे मध्य क्षमा की बात क्यों?''

''आभार देव! मुझे यहां सबसे मिलकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।''

''धन्यवाद सीते! उन सबमें मैं शामिल हूं या नहीं?''


(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य - 062

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 061 का हल



## सू- दोकू क्र.062

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 061 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | [illegible] | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# सामयिक चर्चा

## चुनाव का नशा

खबर पढ़कर,
बानी बोले- ''गजाधर!
कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने
कहा है कि इंदिरा-राजीव को लेकर
मोदी जी की ओछी टिप्पणी ठीक नहीं।
गजाधर! खड़गे जी का यह कहना
मुझे भी लगता है सही।
खड़गे जी आगे कहते हैं-
मोदी जी गांधी परिवार को
गाली देते हुए नहीं थकते है।
वे इंदिरा जी और राजीव जी पर भी
अपनी ओछी राजनीतिक
टीका-टिप्पणी करते है
जिन्होंने इस देश के लिए
अपना सबकुछ लुटा दिया
यहां तक कि
अपनी जान भी कुर्बान कर दी।
खड़गे जी ने यह भी कहा कि
राजीव गांधी की शहादत का
मजाक उड़ाने के लिए
मोदी जी कहते है कि वह
यानी राजीव जी एक ऐसा कानून लाए
जिससे वे इन्दिरा जी की सम्पत्ति हड़प सके।''
तो गजाधर! आज आप इस पर कुछ कहें?''
गजाधर मुस्कराए बोले-
आप यह याद रखो बानी!
चुनाव का नशा ऐसा होता है
कि वह मोदी जी जैसे
परिपक्व, विचारक, चिन्तक की भी
दूषित कर देता है वाणी।''



-गिरीश बख्शी

## कहा है दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम, क्या हैं इसकी विशेषता

आप कई बार म्यूजियम घूमने चले जाते होंगे, ऐसे में कई बार तो आपको ये म्यूजियम बहुत बड़े लगते हैं जो अलग-अलग तरह के होते हैं. हालांकि कम ही लोग जानते हैं कि दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम कहां है. तो बता दें दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम फ्रांस के पेरिस में स्थित है, जिसका नाम मुसी डू लौवर है. ये म्यूजियम काफी पुराना है. आपको जानकर हैरानी होगी कि ये म्यूजियम इतना बड़ा है कि इसे एक दिन में देख पाना भी संभव नहीं है.

### कहां है दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम?

ये म्यूजियम फ्रांस के पेरिस में बना हुआ है. जिसे पूर्व शाह महल में साल 1793 में खोला गया था. उस समय इस म्यूजियम में 537 ड्रॉइंग की एक एग्जिबिशन लगाई गई थी. ये म्यूजियम 60600 स्क्वायर फीट में बना हुआ है. खास बात ये है कि ये दुनिया का सबसे अमीर म्यूजियम होने के साथ ही सबसे ज्यादा देखा जाने वाला म्यूजियम भी है.

साल 2022 में इस म्यूजियम को देखने के लिए 90 लाख लोग पहुंचे थे. इस म्यूजियम में 8 क्यूरेटोरियल विभाग बने हुए हैं जिनमें 3 लाख 80 हजार से ज्यादा पुरानी वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं, जिसमें ज्यादातर प्राचीन मूर्तियां, एंटिक आर्ट, ड्राइंग, पेंटिंग्स और पुरातात्विक खोज में मिली वस्तुएं शामिल हैं।


### 24 घंटे रहती है सुरक्षा

इसी म्यूजियम में दुनिया की सबसे फेमस पेंटिंग मोनालिसा और वीनस डी मीलो की पेंटिंग रखी हुई है. ऐसे में इस म्यूजियम की सुरक्षा के लिए हजारों सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं. जो आधुनिक हथियारों से लैस हैं।

### भारत का सबसे बड़ा म्यूजियम


वहीं भारत के सबसे बड़े म्यूजियम की बात करें तो वो कोलकाता में स्थित है. देख की विरासत को समेटे कोलकाता में स्थिति ये म्यूजियम असल में खुद भी एक विरासत ही है जो 200 साल से वहीं टिका हुआ है. यहां 4000 साल पुराने कंकाल भी देखने को मिल जाएंगे. साथ ही यहां हड़प्पा सभ्यता की वस्तुएं भी रखी हुई हैं।

# राशिफल



**मेष**

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका ध्यान केवल और केवल अपने काम के प्रति रहेगा, इसके लिए आप कठोर परिश्रम भी करने के लिए तैयार रहेंगे। आप ज्यादा लोगों से जुड़े रहेंगे, लोग भी आपकी सहायता करने के लिए तत्पर रहेंगे। सरकार अथवा उच्च अधिकारियों से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।



**वृषभ**

आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कम्यूनिकेशन की क्षमता दूसरो को प्रभावित करेगी, जिससे आपको फायदा होगा। नतीजों की चिंता किए बिना मेहनत करेंगे तो कामयाबी अवश्य मिलेगी। नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगा। बिजनेस में अचानक फायदा होगा और अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।



**मिथुन**

आज आपका दिन बेहतरीन है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी रुके हुए काम को पूरा करने में किस्मत का साथ मिलेगा। आज आपको अपने गुण और काम के वजह से सम्मानित किया जाएगा। घर और ऑफिस में शांति महसूस करेंगे।



**कर्क**

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं। आज आप जितनी मेहनत करेंगे, आने वाले दिनों में आपको उतना ही फायदा होगा। आपका पूरा ध्यान अपने महत्वपूर्ण कामों पर रहेगा। कई तरह की जिम्मेदारी वाले काम आपके सामने रहेंगे।



**सिंह**

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा। जो लोग नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं या नौकरी में नए अवसर खोज रहे हैं उनके लिए अनुकूल समय है। आज किसी काम को लेकर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज ऑफिस में आपके पर्सनालिटी की तारीफ होगी।




**कन्या**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। ऑफिस में कुछ कार्यों की जिम्मेदारी आपको दी जायेगी, जिसे पूरा करने में आप सफल होंगे। खान-पान की तरफ भी आपको ध्यान देने की आवश्यकता है।



**तुला**

आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। सकारात्मक सोच व संतुलित दृष्टिकोण से आप असंभव कार्यों को भी संभव कर पाएँगे। विद्यार्थियों को मनचाही सफलता पाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरुरत है, सफलता के योग भी बने हुए हैं। कारोबार और करियर संबंधी समस्याओं का निवारण हो जाएगा।



**वृश्चिक**

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका मन कुछ उलझन में रहेगा, लेकिन जीवनसाथी के साथ बातों को शेयर करने से सब ठीक हो जाएगा। आज जल्दबाजी में कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय ना लें, इसके बारे में अच्छी तरह से सोच लें। दोस्ती के रिश्तों में और प्रगाढ़ता आएगी। आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे।




**धनु**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। सार्वजनिक एवं प्रोफेशनल कार्यों में अनुकूल संयोग बनेंगे। किसी समस्या को दूर करने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर विचार विमर्श करेंगे। हर काम समय पर पूर्ण होने से आनंद का अनुभव होगा। धन की कमी दूर होने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।




**मकर**

आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आएगा। आपके लिए आय के नए द्वार खुलने की संभावना है। छात्रों को शिक्षा में आश्चर्यजनक परिणाम मिल सकते हैं। आपके घर में सुख शांति का माहौल बनेगा। आपकी आध्यात्मिक और धार्मिक मामलों में रुचि बढ़ेगी। किसी मित्र की सहायता से आपके बिगड़े हुए कार्य बनेंगे।



**कुंभ**

आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। घर की सफाई अथवा नवीनीकरण के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आप अपनी कार्यक्षमता को दूसरों के आगे साबित कर पाने में सफल होंगे। पिता व गुरुजनों से सम्मान प्राप्त होगा। व्यापारिक वर्ग की निराशा आशा में परिवर्तित होगी, नये-नये प्रोजेक्ट मिलेंगे।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए बेहद ख़ास पल लेकर आया है। भाई व माता से सहयोग मिलेगा, आपका पराक्रम बढ़ेगा। सहकर्मियों के सहयोग से कार्य को निर्धारित समय में संपन्न करेंगे। खान-पान का उचित ध्यान रखें। इस राशि की महिलाओं को आज शॉपिंग में अच्छा डिस्काउंट मिल सकता है।

# सोमनी में अतिक्रमण की बाढ़, पंचायत खामोश



डबरी व तालाब किनारे बेजा कब्जा कर हो रहे पक्के निर्माण

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम सोमनी में इन दिनों अतिक्रमण की शिकायत बढ़ गई है। लोग खाली जगह देख पक्के निर्माण कर रहे हैं। गांव में अतिक्रमण के बढ़ते मामले में ग्राम पंचायत की खामोश कई तरह के सवालों को जन्म दे रही है। खबर है कि पंचायत में मौखिक रूप से शिकायत करने के बाद भी अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस कारण गांव के सरपंच व अन्य प्रतिनिधियों पर बेजा कब्जा करने वालों से मिलीभगत का आरोप तक लग रहा है। बताया गया कि गांव में आवास पारा डबरी के किनारे कई लोगों ने झोपड़ी बनाकर कब्जा कर लिया है। वहीं कुछ लोग पंचायत की खामोशी के कारण बेखौफ होकर पक्के मकान का भी निर्माण करा रहे हैं। इसके बाद भी पंचायत द्वारा किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा ही है।

गांव के बाजार चौक में भी कब्जा कर लोगों ने दुकानें बना ली है। पंचायत के व्यवसायिक परिसर के पास भी धड़ाधड़ दुकान का निर्माण करा लिया गया है। इसके बाद भी पंचायत में सरपंच व अन्य प्रतिनिधि मूकदर्शक बने हुए हैं। आरोप तो यह भी है कि पंचायत प्रतिनिधि लेन-देन कर बेजा कब्जा करने वालों को अतिक्रमण की छूट दे रहे हैं। जिसके कारण कई व्यवसायिक परिसर को तोड़फोड़ कर दुकानदारों ने अपने हिसाब से निर्मा करा लिया है। इस मामले में भी लेन.देन का आरोप है।

गांव के तालाब किनारे भी कई लोगों ने गड्ढों का पटाव कराकर पक्का मकान निर्माण करा लिया है। यह पूरी तरह अवैध है। यानी लोगों ने अतिक्रमण कर शासकीय जमीन पर मकान बना लिया है। बावजूद गांव के सरपंच व सचिव द्वारा किसी तरह की कार्रवाई नहीं की। जिसके कारण एक-दूसरे को देखकर गांव के कई लोग शासकीय जमीन को घेरकर झोपड़ी व मकान निर्माण करा रहे हैं।

इस संबंध में एसडीएम अतुल विश्वकर्मा का कहना है कि सोमनी में अतिक्रमण की एक शिकायत आयी है, जिसकी जांच कराकर स्टे लगाया गया है। शासकीय भूमि में और भी कब्जा कर मकान व अन्य निर्माण किया जा रहा है, तो पटवारी से जानकारी लेकर जांच कराएंगे।

# पुलिस ने ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड, ठगी के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की

## सामुदायिक पुलिसिंग ने ड्राइविंग लाइसेंस बनाने शिविर लगाया



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग (आई पी एस), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा पुलिस अनुभागी अधिकारी आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में निर्देश प्राप्त हुआ, दिनांक 19.5.2024 को सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से पुलिस चौकी मोहरा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का शिविर आयोजन किया गया।

शिविर में साइबर फ्रॉड से कैसे बचें इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, गांव में सोना चमकाने के नाम पर होने वाली ठगी के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। ग्रामीणों को हिदायत दी गई कि अनजान व्यक्ति अगर गांव में आता है, तो उसकी सूचना थाने में प्रदान करें के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। शराब पीकर वाहन न चलने के बारे में हिदायत दी गई। पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा आमजन के हित में जानकारी प्रदान किया गया।

# दिगम्बर जैन मंदिर में अर्हम योग ध्यान एवं धार्मिक पूजन संस्कार शिविर हो रहा आयोजन



डोंगरगांव(दावा)। उत्कृष्ट समाधिस्थ आचार्य गुरुवर 108 विद्यासागर जी महामुनिराज नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज व मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज जी के आशीर्वाद से बाल ब्रम्हचारी पारस प्रशम के कुशल निर्देशन में दिगम्बर जैन समाज डोंगरगांव द्वारा रविवार से अर्हम योग ध्यान एवं धार्मिक पूजन संस्कार शिविर का आयोजन किया गया है, जो आगामी 29 मई तक आयोजित है।

कमेटी के कोषाध्यक्ष राहुल जैन राही ने बताया कि शिविर मे प्रतिदिन सुबह 4.45 बजे से योग क्लास, 7.30 बजे से पूजन प्रशिक्षण, अपरान्ह 4.30 बजे से जैन फाउंडेशन, 6.45 बजे से जैन पाठशाला, रात 7.45 बजे से योग ध्यान प्रवचन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। आज शिविर का शुभारंभ समाज की वरिष्ठ श्रावक श्रेष्ठी श्रीमती नत्थी बाई जैन द्वारा ध्वजारोहण व सरिता जैन बाँधकपुर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारंम्भ किया गया। कार्यक्रम की कड़ी मे आगामी 29 मई को विद्या प्रतिभा सम्मान समारोह रखा गया है। इस कार्यकम मे कक्षा 10वी एवं 12 बोर्ड परीक्षा मे 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंको के साथ सफलता हासिल करने वाले बच्चों का सम्मान किया जाएगा। रविवार को कार्यक्रम में सतीश जैन, प्रबोध जैन, धर्मेंद्र जैन, प्रमोद जैन, धन्य कुमार जैन, संजय चौधरी, अजित जैन, अनिल जैन, अभिषेक जैन, सौरभ जैन, सुनील जैन, रमेश जैन राही, महेंद्र जैन, पंडित चंद्रकुमार शास्त्री, डॉ. अशोक जैन, बल्लू सहित महिला मंडल, संस्कार मंडल, बहू मंड़ल, समाज के सभी बच्चे, युवा, महिला 1 पुरुष शामिल रहे।

# जिले में चल रहा था कोल्ड्रिंक्स बनाने का गोरखधंधा, पुलिस ने किया पर्दाफाश



खैरागढ़ (दावा)। जिले में लोगो के जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है, पिछले कुछ दिनों से जिले में विभिन्न प्रकार के अवैध फैक्ट्री शुरू हो गई है। पहले तो मुढ़ीपार में अवैध रूप से शराब निर्माण कर रहे गोरखधंधे का पुलिस ने पर्दाफास किया था और अब छुईखदान ने अवैध गोरख धंधा का भंडाफोड़ हुआ है।

केसीजी पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना छुईखदान पुलिस टीम एवं सायबर सेल के द्वारा शनिवार 18 मई को दिनेश साहू पिता पंचराम साहू उम्र 34 साल निवासी वार्ड नं.15 छुईखदान के द्वारा अपने घर में अवेध रूप से सोडा क्लब मशीन का उपयोग कर अवैध रूप से मैंगो, कोल्ड्रिग, लीची का निर्माण किया जा रहा था।

सूचना मिलने पर दिनेश साहू से पूछताछ करने पर कोई लायसेंस व कागजात नहीं होना बताने से दिनेश साहू के कब्जे से 700 नग 100 ग्राम वाली प्लास्टिक बोतल में मैंगो जूस,1300 नग 200 ग्राम वाली प्लास्टिक बोतल में स्ट्रांग, 200 नग 200 ग्राम वाली प्लास्टिक बोतल में लीची, 200 ग्राम वाली खाली बोतल 08 बोरी, 100 ग्राम वाली खाली बोतल 5 बोरी तथा एक सोडा क्लब मशीन मय कैफ तथा मारूति कंपनी का मटेरियल 06 डिब्बा एवं रेपर कुल कीमती लगभग 2,40,000 रूपये को जप्त किया गया। खाद्य विभाग से संबंधित होने से खाद्य विभाग के फूड इंस्पेक्टर खैरागढ़ आमेश्वरी कतलाम को सुपुर्द किया गया। जिसकी कार्यवाही विधिवत की गई।।उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी छुईखदान निरीक्षक शिवशंकर गेन्दले, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा, प्रधान आरक्षक कमलेश श्रीवास्तव, जयपाल कैवर्त्य, त्रिभुवन यदु एवं थाना छुईखदान के सउनि. मुरली सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक नंदकुमार चन्द्रवंशी, आरक्षक विनोद पोर्ते, प्रकाश सिदार, रामेश्वर जंघेल,महिला आरक्षक झमित ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# डोंगरगांव में आज से डीपीएल की धूम

डोंगरगांव(दावा)। आईपीएल की तर्ज पर शहर में युवा प्रतिभा प्रोत्साहन संगठन द्वारा आयोजित डोंगरगांव प्रीमियर लीग का आयोजन सोमवार 20 मई से आयोजित है। यह आयोजन आगामी छः दिनों तक क्षेत्र में क्रिकेट प्रेमियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला से मिली जानकारी के अनुसार विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन और संरक्षण में डीपीएल सीजन 2 की तैयारी लगभग 25 दिनो से की जा रही है। जिसमें डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। डीपीएल के पहले सफल आयोजन से ही खिलाड़ियों में लंबे समय से सीजन 2 की मांग और इंतजार था। जिसे आयोजन समिति क्रिकेट के अनुभवी खिलाड़ियों के सुझाव व विमर्श में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पहले से और बेहतर आयोजन करने में लगी हुई है। आयोजक टीम के मुख्य संचालक रजत साहू ने बताया कि लगभग 600 से अधिक खिलाड़ियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाए थे। चयन की मुख्य प्रक्रिया ट्रायल और ऑक्शन के माध्यम से हर टीम में 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। पिछली बार की तरह इस बार भी 12 ऑनर्स की 12 टीम रहेगी, हर टीम के समर्थन और प्रचार के लिए 12 स्पॉन्सर भी इस बार डीपीएल से जुड़े है। निश्चित ही इस बार भी डीपीएल सीजन 2 में प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खेल प्रेमियों में उत्साह का संचार होगा।

# जैन समुदाय की बेटी शैली बाफना लेगी सांसारिक मोहमाया से संन्यास



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़-चौकी में जैन समुदाय के लोगों के द्वारा शैली बाफना का दीक्षा से पहले किया गया सम्मान। शैली बाफना के सम्मान में नगर में धूमधाम से जैन समुदाय के लोगों के द्वारा रैली निकाली गई। नगर के चौक चौराहों में रैली का स्वागत किया गया रैली में जैन समुदाय के समस्त सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

चौरड़ीया परिवार की सुश्री शैली बाफना जो की अरजुंदा की निवासी है उन्होने सांसारिक सुख और परिवार की मोहमाया छोड़ कर दीक्षा लेकर संन्यास लेने का फैसला किया है। जहां आज के समय मे बच्चें टीवी और मोबाइल जैसी चीजों के आदि हो गए हैं। इस माहौल में कुछ बच्चे ऐसे भी हैं जो आधुनिक दुनिया से दूर और सांसारिक सुखों का त्याग कर दीक्षा ले रहे हैं।

अरजुंदा की जैन परिवार की बेटी ने महज 22 साल की उम्र में सांसारिक सुखों का त्याग कर दीक्षा ग्रहण करने का फैसला किया है। जैन साध्वी के रूप में 22 साल की शैली बाफना निवासी अरजुंदा अंबागढ़ चौकी की भूमि में सांसारिक सुख को छोड़ साध्वी के रूप में नजर आई। गुरु के सानिध्य में 6 महीने बिताने के बाद लिया संन्यास लेने का फैसला शैली ने अपने पिता दिनेश बाफना, माता रोमा बाफना, दादा अमरचंद बाफना, दादी प्रेमलता बाफना और अपने भाई बहन को छोड़कर सांसारिक सुखों का त्याग कर दिया है। शैली ने 6 माह अपने गुरु के सानिध्य में धर्म अध्ययन किया। 6 महीने के बाद घर लौट कर शैली ने सन्यास लेने का फैसला लिया।

## आचार्य रामलाल जी के प्रवचनों से हुई प्रभावित

साध्वी शैली ने बताया कि, जहां भगवान हैं वही मोक्ष हैं। बचपन में भगवान की आराध्य थी लेकिन इन ढाई सालों में मैं वैराग्य की ओर ज्यादा आकर्षित हुई। आचार्य श्री रामलाल जी के प्रवचन से प्रभावित होकर और परिवार के सहयोग से सुश्री शैली आज साध्वी शैली के रूप में सांसारिक सुख त्याग कर संन्यास लेने जा रही है। शैली बाफना का दीक्षा समारोह राजस्थान के ग्राम बेगू में 9 जून को होना तय किया गया है।

# जुड़वा भाईयों ने दसवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया



डोंगरगढ़ (दावा)। कांग्रेस पार्टी के नेता निज़ार जीवा के दोनों जुड़वा पुत्र अक़िफ़ जीवा और अदीब जीवा ने कक्षा 10 वी बोर्ड में क्रमश 87.5 और 87.3 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

अक़िफ़ और अदीब ने अपने शाला केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षको का और लकबीर सर को इसका श्रेय दिया और साथ ही साथ उन्होंने अपने स्वर्गीय दादा दादी का आशीर्वाद भी उन के साथ है ऐसा कहा। परिजनों के अलावा शुभचिंतकों ने दोनों भाइयों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# दिनेश कुरेटी को मिला राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान



## शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ ने दिया सम्मान

कल्लूबंजारी (दावा)। गत दिनों राजधानी रायपुर के वृंदावन सभा हाल में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ का शपथग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें राजनांदगांव जिले के ख्यातिलब्ध शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी को शिक्षा, कला, साहित्य एवं समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2024 पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार व जनकवि मीर अली मीर, अध्यक्षता आरपीएफ निरीक्षक व मशहूर पंडवानी गायिका करूणा साहू एवं विशेष अतिथि मंच संचालन समिति के प्रांतीय संयोजक चन्द्रशेखर परघनिया, समाजसेवी तारेन्द्र चन्द्राकर एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक एवं संस्था के संरक्षक परस राम साहू रहे थे। जिनके हाथों से शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के द्वारा जिले के छुरिया विकास खंड के दूरस्थ एवं वनांचल में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, शाल, पुष्पमाला एवं संस्था के वार्षिक कैलेण्डर प्रदान कर उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में विगत 12 सालों से सेवा दे रहे नवाचारी शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी अपनी शाला के बच्चों को अकादमिक रूप से उत्कृष्ट शिक्षा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न कार्यक्रमों स्वास्थ्य, वृक्षारोपण, निर्वाचन, साक्षरता, स्वच्छता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बालिका शिक्षा, खेलकूद, कला, साहित्य, स्मार्ट शिक्षा, पॉक्सो कार्यशाला, जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक एवं श्रृजनात्मक कार्य करते है। श्री कुरेटी जी अपनी शाला के समस्त निर्धन एवं मातृ-पितृ विहिन अनाथ बच्चों को प्रतिवर्ष निशुल्क पेन- कापी उपलब्ध कराते है तथा अपनी शाला के समस्त बच्चों को उनके तथा अपने स्वयं के जन्मदिन पर लेखनी भेंटकर करते है। इसके अलावा गंभीर रूप से बीमार बच्चों एवं शिक्षकों के इलाज कराने में जनसहभागिता से सहयोग करते है। दिवंगत छात्रों, शिक्षकों, रसोईया एवं स्वीपरों के परिजनों को जनसहयोग से सांत्वना राशि प्रदान कर आर्थिक सहयोग करते है। दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने में मदद करते हैं। श्री कुरेटी का उदघोषक के रूप में राज्यस्तर पर विशिष्ट पहचान बन चुका है। अब तक छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री गण, केन्द्रीय मंत्री गण, मंत्री गण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं उच्च अधिकारियों के उपस्थिति में छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के सैकड़ों मंचो पर उद्घोषक के रूप में अतिविशिष्ट मंचों का प्रभावशाली ढंग से संचालन कर चुके है। श्री कुरेटी जी के रचनात्मक एवं समाज सेवा के कार्यों से प्रभावित होकर शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा संस्था के प्रांतीय मीडिया प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है। श्री कुरेटी जी के इस शानदार उपलब्धि पर इष्ट-मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

# स्पोर्ट्स एकेडमी ऑफ़ मुसरा के कराते टीम ने पाया सेकंड रनरअप का खिताब




डोंगरगढ़/मुसरा (दावा)। कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई में आयोजित दो दिवसीय कराते चैंपियनशिप में स्पोर्टस एकेडमी ऑफ़ मुसरा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेकंड रनर अप का खिताब अपने नाम किया। 9 मई को प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमें लगभग 400 कराते खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स एकेडमी ऑफ मुसरा राजनांदगाँव टीम से कुल 13 खिलाडियों ने भाग लिया। मुसरा के टीम का प्रतिनिधित्व सेन्साई संजय कुमार ठाकुर तथा टीम मेनेजर सेम्पाई हेमप्रकाश मरकाम ने किया। जिनके नेतृत्व में राजनांदगांव जिला को काता एवं कुमिते इवेंट को मिलकर कुल 26 पदक प्राप्त हुए जिसमे कांस्य 2. रजत 7 स्वर्ण 17 जिसके फलस्वरूप राजनांदगांव जिला कराते टीम को ओवर आल चैंपियनशिप में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मुखरा की टीम से कुल 13 कराते खिलाड़ियों ने काता एवं कुमिते में प्रदर्शन कर विभिन्न वजन एवं उम्र वर्गो में पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 10-11 वर्ष 30 किया में देवयानी यादव ने काता में तृतीय तथा कुमिते (फाइट) में प्रथम स्थान, 10-11 वर्ष-40 किग्रा में काव्या बनवासी ने काता में प्रथम तथा कुमिते (फाइट) में प्रथम स्थान, 11-12 वर्ष -35 किग्रा में हिमांशी साहू ने काता में प्रथम तथा कुमिते (फाइट) में प्रथम स्थान, 12-13 वर्ष -45 किया में जानवी साहू ने काता में प्रथम तथा कुमिते (फाइट) में द्वितीय स्थान, 16-17 वर्ष-40 किग्रा में उर्वशी बर्मा ने काता में तृतीय तथा कुमिते (फाइट) में प्रथम स्थान, तथा महिला वर्ग में 18 वर्ष से अधिक 61 किग्रा में मेघा साहू ने काता में द्वितीय तथा कुमिते (फाइट) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में 14-15 वर्ष 40 किग्रा में सागर यादव ने काता में द्वितीय तथा कुमिते (फाइट) में प्रथम स्थान, 14-15 वर्ष -50 किग्रा में धर्मेन्द्र चौरका ने काता में द्वितीय तथा कुमिते (फाइट) में प्रथम स्थान, 16-17 वर्ष 61 किग्रा में विरेन्द्र कुमार कैंबर ने काता में प्रथम तथा कुमिते (फाइट) में प्रथम स्थान, तथा पुरुष वर्ग में 18 वर्ष से अधिक 55 किग्रा में जय कुमार सागरवंशी ने काता में प्रथम तथा कुमिते (फाइट) में प्रथम स्थान 60 किग्रा में लुकेश कुमार जंघेल ने काता में द्वितीय तथा कुमिते (फाइट) में द्वितीय स्थान, -67 किग्रा में फिरोज कुमार मरकाम ने काता में प्रथम तथा कुमिते (फाइट) में प्रथम स्थान -75 किग्रा में हेमप्रकाश मरकाम ने काता में द्वितीय तथा कुमिते (फाइट) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। और जिले का नाम रोशन किया। इस अवसर पर ग्राम मुसरा के सरपंच कैवल निर्मलकर ने खुशी जाहिर की साथ ही डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने खिलाडियों को आशीर्वाद प्रदान कर शुभकामनाए प्रेषित की।

# बेटियों को शास्त्र के साथ शस्त्र चलाने की विद्या भी आवश्यक : पूजा जैन

बालोद। आज तृतीय दिवस बौद्धिक वर्ग में विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत दुर्गावाहिनी सह संयोजिका सुश्री पूजा जैन,जिला अध्यक्ष बालोद जिला विश्व हिंदू परिषद बलराम गुप्ता की प्रमुख उपस्थिति में बौद्धिक सत्र प्रारंभ हुआ।

सर्वप्रथम माँ भारती के तैलचित्र का पूज अर्चना कर सत्र की शुरुआत की गई मुख्य वक्ता पूजा जैन ने कहा कि

बहनों का आयाम दुर्गावाहिनी माँ दुर्गा को प्रतीक मानकर आदर्श मानकर करके बहने अपना कार्य करती है। देवी शक्ति स्वरूपा हिन्दू धर्म संस्कृति अपने धर्म की रक्षा के लिए हमे तत्पर रहती है। दुर्गावाहिनी में बहनों की शक्ति को राष्ट्र धारा में जोड़ने के लिए 1991 में शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को दुर्गावाहिनी की स्थापना साध्वी ऋतुम्भरा दीदी की उपस्थिति में किया गया। पूजा जैन ने कहा कि बहनो में आत्म विश्वास जगाना, मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक, आत्मबल बढ़ाना राष्ट्रहित में कार्य करने तथा तत्पर तैयार करना सामाजिक, धार्मिक,बौद्धिक,रूप से तैयार किया जाता है। दुर्गावाहिनी का कार्य क्षेत्र आदर्श वाक्य सेवा सुरक्षा संस्कार को लेकर कार्य करने वाली संस्था है।

# ग्राम कोलेन्द्रा में चलित थाना में ग्रामीणों, बच्चों एवं महिला संबंधी अपराध, सायबर ठगी एवं यातायात के नियमों की दी गई जानकारी



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर 19 मई 2024 को थाना प्रभारी निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा के नेतृत्व में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम कोलेन्द्रा में चलित थाना लगाया गया जिसमें जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रमुख, महिलायें एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित हुये।

चलित थाना में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, बालक-बालिकाओं को छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बनाये गये ÷अभिव्यक्ति÷ ऐप, महिला अधिकार, घरेलु हिंसा, लैंगिक अपराध, साईबर सुरक्षा, पोक्सो एक्ट, कैरियर गाईडेंस के बारे में जानकारी दिया गया। नषा मुक्ति अभियान के तहत जानकारी देकर नारकोटिक्स/ड्रग्स/अवैध नषा से परिवार और सामाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराकर अपने आसपास एवं स्वयं को भी नषीले पदार्थों से दूर रखने तथा अपने घर परिवार व सामाज में भी नषे के दुष्प्रभाव से अवगत कराने हेतु अपील की गई। साथ ही गांव में घुमने वाले, फेरी लगाने वाले लोगों का नाम पता कोटवारी पंजी में दर्ज करने थाना में सूचना देने हिदायत दिया गया।

# पहला कॉलम...

## टीम इंडिया का कोच बनने से जस्टिन लैंगर ने किया इंकार



नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद टीम इंडिया को नए हेड कोच की तलाश है। दरअसल इस वक्त राहुल द्रविड़ टीम इंडिया के हेड कोच हैं, लेकिन उनका कार्यकाल जून तक का है। ऐसे में टीम इंडिया अभी से ही हेड कोच की तलाश में लगी हुई है, ताकि समय से इस पद के लिए किसी सही व्यक्ति को चुना जा सके। इसी बीच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कोच और लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने खुद को भारत के अगले मुख्य कोच बनने की दौड़ से बाहर कर दिया है और कहा है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा काम है और जब वह ऑस्ट्रेलिया की मेंस नेशनल क्रिकेट टीम के लिए इस पद पर थे तो उनकी तमन्ना पूरी हो चुकी थी। बीसीसीआई ने इस सप्ताह की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर भारत के हेड कोच पद के लिए 27 मई की समय सीमा निर्धारित करते हुए आवेदन भरने के लिए रिक्वेस्ट की थी। भारत के पूर्व कप्तान और भारत के मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि वह अपने कार्यकाल को बढ़ाने की मांग नहीं करेंगे। भारत की मेंस टीम का नया हेड कोच तीनों फॉर्मेट के लिए होगा और जुलाई 2024 से दिसंबर 2027 तक इस पद को संभालेगा।

## आइसक्रीम मैन रघुनंदन कामत ने दुनिया को कहा अलविदा



नई दिल्ली। देश को आइसक्रीम खिलाने वाले रघुनंदन कामत अब हमारे बीच नहीं हैं. नेचुरल्स आइसक्रीम के फाउंडर रघुनंदन कामत ने 75 वर्ष की उम्र में शनिवार को हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली. वह बीमारी से जूझ रहे थे. कंपनी ने उनके गुजर जाने की सूचना सोशल मीडिया पर दी है. रघुनंदन कामत को लोग प्यार से आइसक्रीम मैन ऑफ इंडिया भी बुलाते थे. नेचुरल्स आइसक्रीम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि हमारे बॉस और फाउंडर रघुनंदन कामत ने दुनिया से विदा ले ली है. यह हमारे लिए बहुत दुखद दिन है. नेचुरल्स फैमिली हमेशा उन्हें अपनी यादों में जिंदा रखेगी. कर्नाटक भाजपा के प्रमुख कैप्टन बृजेश चौटा ने भी एक्स पर लिखा कि एक शानदार यात्रा का अंत हो गया है. च्आइसक्रीम मैनज् के निधन से मैं बहुत दुखी हूं. उन्होंने नेचुरल्स आइसक्रीम को एक जाना माना नाम बनाया है. उन्होंने मुल्की से मुंबई तक का सफर बेहतरीन तरीके से पूरा किया. उनका जीवन हम सभी के लिए एक सबक है. मैं उनके परिवार के लिए शांति की प्रार्थना करता हूं. आइसक्रीम इंडस्ट्री में रघुनंदन कामत का बहुत सम्मान था. रघुनंदन कामत ने अपनी यात्रा कर्नाटक के एक छोटे से शहर मुल्की से शुरू की थी।

## बोट और एक क्रूज जहाज में टक्कर; दो की मौत और पांच लापता

बुडापेस्ट। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट के डेन्यूब नदी में एक बड़े हादसे की खबर सामने आ रही है। यह हादसा शनिवार देर रात हुई। यह हादसा तब हुई जब बुडापेस्ट के उत्तर में डेन्यूब नदी पर एक छोटी मोटर बोट और एक क्रूज जहाज की संदिग्ध टक्कर के बाद दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लापता हैं। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। राजधानी के उत्तर में एक वयस्क पुरुष और एक महिला के शव पाए गए और अधिकारी अभी भी पांच लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं।

## सड़क हादसा, पिकअप और वैन की टक्कर में 6 लोगों की मौत

इडाहो फॉल्स। अमेरिका के इडाहो में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। दो वाहनों की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक बड़ी यात्री वैन भी शामिल थी। इडाहो राज्य पुलिस ने एक बयान के अनुसार, इडाहो फॉल्स के यूएस हाईवे 20 पर दुर्घटना में दस अन्य लोग घायल भी हो गए, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि पूर्व की ओर जाने वाली एक पिकअप सुबह करीब साढ़े पांच बजे सड़क के दूसरी तरफ जा पहुंची जिससे पश्चिम की ओर जाने वाली एक यात्री वैन से उसकी टक्कर हो गई। वैन के चालक और पांच यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, वैन में सवार नौ अन्य यात्रियों और पिकअप के चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दुर्घटना का अन्य विवरण जारी नहीं किया है, जिसमें यह भी शामिल है कि वैन में सवार 15 लोग कहां के थे या वे कहां जा रहे थे।

# पहले क्वालिफायर में हैदराबाद का कोलकाता से सामना, एलिमिनेटर में राजस्थान से भिड़ेगी बेंगलुरु की टीम

नई दिल्ली। रविवार को राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाने वाला मुकाबला रद्द हो गया। दोनों टीमों के खाते में एक-एक में जुड़ गया है। अब हैदराबाद के खाते में 18 अंक हो गए हैं जबकि राजस्थान के 17 अंक हैं।

आईपीएल 2024 के लीग स्टेज के मैच खत्म हो चुके हैं। अब लड़ाई फाइनल की शुरू होगी। रविवार को राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाने वाला मुकाबला रद्द हो गया। दोनों टीमों के खाते में एक-एक में जुड़ गया है। अब हैदराबाद के खाते में 18 अंक हो गए हैं जबकि राजस्थान के 17 अंक हैं। अंक तालिका में दोनों टीमें क्रमश- दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, कोलकाता पहले और आरसीबी चौथे पायदान पर है।

पहला क्वालिफायर मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 21 मई को अहमदाबाद में खेला जाएगा। वहीं, राजस्थान रॉयल्स का 22 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से एलिमिनेटर में सामना होगा। इसके बाद 24 मई



को क्वालिफायर-दो चेन्नई में खेला जाएगा। यह मुकाबला क्वालिफायर-एक में हारने वाली टीम और एलिमिनेटर जीतने वाली टीम के बीच खेला जाएगा। 26 मई को क्वालिफायर-एक और क्वालिफायर-दो जीतने वाली टीमों के बीच चेपॉक में फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

### बारिश बनी राजस्थान की विलेन

राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच रविवार को आईपीएल 2024 का आखिरी लीग मैच बिना खेले रद्द हो गया। इस मैच का टॉस 10-30 बजे हुआ जिसे केकेआर ने जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया। हालांकि, मुकाबला शुरू होने से पहले एक बार फिर बारिश की एंट्री हो गई। इसके बाद मैच रद्द कर दिया गया। इससे पहले दिन के पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट से जीत हासिल की थी। इस मैच में पंजाब ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 214 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने 19.1 ओवर में छह विकेट खोकर 215 रन बनाए और मैच जीत लिया। इसी के साथ टीम अंक तालिका में 17 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, राजस्थान का पहला क्वालिफायर खेलने का सपना टूट गया।

## हैदराबाद ने पंजाब को चार विकेट से हराया

हैदराबाद। आईपीएल 2024 के 69वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना पंजाब किंग्स से था। यह मैच हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 214 रन बनाए थे। जवाब में सनराइजर्स ने 19.1 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2024 के 69वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया है। आज आईपीएल 2024 का आखिरी डबल हेडर है। इसके बाद मंगलवार से प्लेऑफ की शुरुआत हो जाएगी। दूसरे स्थान के लिए जंग में सनराइजर्स ने अपना मैच जीत लिया है। अब उन्हें राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आज के दूसरे मुकाबले का इंतजार करना होगा। अगर कोलकाता की टीम हारती है या यह मैच बारिश से धुलता है तो सनराइजर्स की टीम लीग राउंड दूसरे स्थान पर रहते हुए प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करेगी। वहीं, अगर राजस्थान की टीम कोलकाता को हराने में कामयाब रहती है तो कोलकाता पहले और राजस्थान दूसरे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंचेगी। ऐसे में सनराइजर्स को तीसरे स्थान से संतुष्ट रहना होगा।

## पाकिस्तान में महिला पत्रकार की पिटाई

नई दिल्ली। पाकिस्तान में महिला पत्रकार की पिटाई की गई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। स्कूल के मालिक समेत 3 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सिंध प्रांत के गृहमंत्री जियाउल हसन लंजर ने मामले में एक्शन लेते हुए मंत्री मुहम्मद अली को संबंधित अधिकारियों से जांच रिपोर्ट मांगने के आदेश दिए हैं।

सिंध प्रांत के कोरंगी इलाके के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हसन सरदार खान को भी पिटाई मामले की जांच करके जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश मिला है। बता दें कि कराची में 10वीं की परीक्षाओं में अनियमितताओं का मामला है। नकल कराने वाले लोगों ने मिलकर महिला पत्रकार को पीटा है।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी का बड़ा कारनामा, दूसरी बार थाईलैंड ओपन के खिताब पर किया कब्जा

नई दिल्ली। भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पेरिस ओलंपिक से पहले शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन पुरूष युगल खिताब जीत लिया है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन का खिताब अपने नाम किया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21-15, 21-15 से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी का यह सीजन का दूसरा और कैरियर का नौवां बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब है ।

सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इस साल की शुरुआत फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीतकर की थी।



वहीं अब वह थाईलैंड ओपन का खिताब भी अपने नाम करने में कामयाब रही है। इससे पहले दोनों मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे। चिराग ने जीत के बाद कहा ,कि बैंकॉक हमारे लिए खास है। हमने 2019 में यहां पहली बार सुपर सीरिज और फिर थॉमस कप जीता था। सात्विक और चिराग ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में दूसरे दौर में हार गए थे। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण एशियाई चैंपियनशिप नहीं खेल सके। थॉमस कप में भी वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।


सात्विक और चिराग की जोड़ी एक भी गेम गंवाए बिना थाईलैंड ओपन फाइनल में पहुंचे थे। लियू और चेन ने भी फाइनल तक के सफर में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन भारतीय जोड़ी के शानदार फॉर्म का उनके पास कोई जवाब नहीं था। सात्विक और चिराग ने फाइनल मैच में जल्दी ही 5-1 की बढ़त बना ली। इसके बाद चेन और लियू ने लगातार चार अंक लेकर वापसी की। जब स्कोर 7-7 था तब चीनी जोड़ी ने 39 शॉट की रेली लगाई और 10-7 से बढ़त बना ली। उन्होंने कुछ लंबी रेलियां लगाई लेकिन चिराग ने तूफानी रिटर्न के जरिए स्कोर 10-10 कर लिया। ब्रेक के बाद सात्विक और चिराग ने 14.11 की बढ़त बनाई। यह बढ़त जल्दी ही 16-12 की हो गई । चीनी जोड़ी ने तीन अंक बनाए लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी ने लगातार पांच अंक लेकर गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने 8-3 के साथ शुरूआत की और ब्रेक तक पांच अंक की बढ़त बनाए रखी। चेन और लियू ने तीन अंक लगातार बनाए लेकिन सात्विक ने उनकी लय तोड़ी।

## आज शेयर बाजार रहेगा बंद

नई दिल्ली। शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों के लिए सोमवार का दिन अहम होता है। इस दिन मार्केट दो दिन बाद खुलती है। चूंकि हफ्ते का पहला दिन होने के कारण बैंक आदि चीजों का भी कामकाज काफी होता है। कल यानी सोमवार को हफ्ते का पहला दिन होने से बाद भी शेयर बाजार बंद रहेगा। इस दिन किसी भी प्रकार की ट्रेडिंग नहीं होगी। वहीं देश के 8 राज्यों के कई प्रमुख शहरों में बैंक समेत सभी सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे। सोमवार को मुंबई में लोकसभा चुनाव होंगे। इस कारण से शेयर मार्केट बंद रहेगी और किसी भी प्रकार की ट्रेडिंग नहीं होगी। इसके बारे में हस्श्व ने 8 मई को एक सर्कुलर जारी करके ही बता दिया था। NSE ने अपने सर्कुलर में कहा था कि 20 मई को मुंबई में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी।

## आरसीबी के प्लेऑफ में पहुंचते ही विराट कोहली के छलके आंसू

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया। आईपीएल 2024 के 68वें मैच में आरसीबी की टीम ने जैसे ही आखिरी गेंद पर मैच जीता उसके बाद चिन्नास्वामी मैदान का नजारा देखने लायक रहा। आरसीबी की जीत के बाद विराट कोहली मैदान पर जश्न मनाते हुए नजर आए। किंग कोहली की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, वह इतने खुश थे कि वह मैदान पर कूदने लगे।



कोहली के अलावा आरसीबी के सभी प्लेयर्स ने जीत के बाद एक-दूसरे को गले लगाया और सभी के जश्न का वीडियो तेजी से वायरल हो गया। विराट कोहली इस दौरान खुशी-खुशी में इमोशनल भी हो गए। किंग कोहली ही नहीं, बल्कि उनकी वाइफ अनुष्का शर्मा भी स्टैंड्स में बैठी हुई भावुक दिखीं।

दरअसल, आरसीबी टीम के स्टार बैटर विराट कोहली की वाइफ अनुष्का शर्मा उनकी सबसे बड़ी चीयरलीडर हैं। अनुष्का स्टेडियम में आरसीबी को सपोर्ट करने के लिए अक्सर पहुंची रहती है। स्टेडियम में जब भी कोहली शानदार परफॉर्म कर रहे होते है तो कैमरामैन अनुष्का को कैद करना नहीं भूलते।ऐसा ही कुछ आरसीबी के प्लेऑफ में पहुंचे ही हुआ, जिसमें कैमरामैन ने अनुष्का को कैमरे में कैद कर दिया।

## एक बार फिर अंतरिक्ष में उड़ान भरेगी ब्लू ओरिजिन, सबसे बुजुर्ग यात्री को भेजने का बन सकता रिकॉर्ड

वॉशिंगटन। अब एक बार फिर अमेजन कंपनी के फाउंडर जेफ बेजोस की कंपनी सबऑर्बिटल रॉकेट को लॉन्च करने को तैयार है। इससे अंतरिक्ष पर्यटन बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया जा रहा है छह लोगों को अंतरिक्ष भेजा जा रहा है।

अंतरिक्ष की सैर करना हर किसी का ख्वाब होता है। पर ऐसे खुशनसीब लोग कम ही होते हैं, जिनका ये ख्वाब पूरा हो पाता है। हालांकि, अब कुछ लोगों का यह सपना पूरा होने वाला है। ब्लू ओरिजिन करीब दो साल बाद आज छह लोगों को अंतरिक्ष भेजने वाला है। साल 2022 में इसका एक रॉकेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसके बाद कंपनी ने उड़ान पर रोक लगा दी थी।



अब एक बार फिर अमेजन कंपनी के फाउंडर जेफ बेजोस की कंपनी सबऑर्बिटल रॉकेट को लॉन्च करने को तैयार है। इससे अंतरिक्ष पर्यटन बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि जिन छह लोगों को अंतरिक्ष भेजा जा रहा है उनमें पूर्व वायुसेना पायलट एड ड्वाइट भी शामिल हैं। इन्हें 1961 में अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने देश के पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री उम्मीदवार के रूप में चुना था, लेकिन उन्हें कभी भी अंतरिक्ष में उड़ान भरने का अवसर नहीं दिया गया। जानकारी के अनुसार, अमेरिका के समयानुसार सुबह करीब साढ़े आठ बजे पश्चिम टेक्सास में कंपनी के लॉन्च साइट वन बेस से सभी छह लोग उड़ान भरेंगे।

इस उड़ान के साथ ही पूर्व वायुसेना पायलट एक नया इतिहास रचने वाले हैं। 90 साल, आठ महीने और 10 दिन की उम्र वाले ड्वाइट अंतरिक्ष में जाने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन जाएंगे। वह स्टार ट्रेक अभिनेता विलियम शैटनर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगे।

शैटनर का जन्म 22 मार्च, 1931 को कनाडा में हुआ था। यह कनाडाई अभिनेता के रूप में जाने जाते हैं। वह एक अभिनेता होने के साथ ही लेखक, डायरेक्टर, प्रड्यूसर, स्क्रीनराइटर और गायक हैं। वह साल 2021 में अंतरिक्ष यात्री भी बन गए। शैटनर ने 90 साल की उम्र में अंतरिक्ष की सैर कर सबसे उम्रदराज अंतरिक्ष यात्री बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया था।

## प्रथम पेज का शेष

*0 टीएमसी के तुष्टिकरण से बंगाल में हिंदू अल्पसंख्यक हुए...*

का होना जरूरी है। जब तक मोदी केंद्र में है, तब तक हम उनकी गंदी मंशा को सफल नहीं होने देंगे। सिर्फ चार दिन पहले एक नई शुरुआत हुई है और 300 से ज्यादा शरणार्थियों को नागरिकता दी गई है। मैं टीएमसी के लोगों से कहना चाहता हूं कि ध्यान से सुनें, सीएए मोदी की गारंटी है।

*0 ईरान के राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर पहाड़ियों से टकराया...*

63 वर्षीय रईसी एक कट्टरपंथी नेता हैं जो अतीत में देश की न्यायपालिका का नेतृत्व कर चुके हैं। उन्हें देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमनेई का शिष्य माना जाता है और उन्हें उनके उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जाता है।

*0 नरेन्द्र मोदी देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है...*

अब वैक्सीन को लजेकर गंभीर रिपोर्ट आयी है। लोगों को तमाम तरह की बीमारियां हो रही है।कहा कि चार चरणों में भाजपा चारों खाने चित हो गयी है। भाजपा का सफाया हो रहा है। सातवें चरण तक जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर होगा। भाजपा ने किसानों की आवाज दबायी। इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों के कर्ज माफ करेगी। फसल की एमएसपी को कानूनी अधिकार देगी। अन्य तरीके से भी मदद होगी। भाजपा सरकार ने युवाओं को नौकरी और रोजगार नहीं दिया। भर्ती परीक्षाओं के सब पेपर लीक हो गये। भाजपा सरकार की नीयत ठीक नहीं थी। यह सरकार नौकरी नहीं देना चाहती थी। हमारे युवा, छात्रों का एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। भविष्य अंधकार में डाल दिया। नौकरी के लिए धोखा दिया।कहा कि हम नौजवानों को भरोसा दिलाते है कि इंडिया गठबंधन की सरकार में नौकरी के साथ-साथ सम्मानजनक रोजगार देंगे।हुल गांधी ने विशाल जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस संविधान पर आक्रमण कर रही है। यह चुनाव संविधान बचाने का है। श्री राहुल गांधी ने कहा है कि डॉ0 भीमराव अम्बेडकर, महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू और हिन्दुस्तान के संविधान को भाजपा क्या कोई भी ताकत फाड़ कर नहीं फेंक सकती है। यह जनता का संविधान है।राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने सारा का सारा लाभ 22 उद्योगपतियों को दिया है। उन्हीं को अरबपति बनाया है। उनका कर्ज माफ किया है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही हम लोग देष के करोड़ों गरीबों को लखपति बनायेंगे। पूरे देश में हर लोकसभा क्षेत्र में गरीबों की लिस्ट बनेगी। हर परिवार के घर की एक महिला को चुना जायेगा। करोड़ों महिलाओं के खाते में एक-एक लाख रूपये हर साल ठकाठक, ठकाठक भेजेंगे। नरेन्द्र मोदी ने दस साल के दौरान 22 उद्योगपतियों के कर्ज माफ किये है। हम किसानों के कर्ज माफ करेंगे। किसानों के फसलों की एमएसपी का कानूनी अधिकार देंगे। युवाओं को टेऊनिंग दी जायेगी। अप्रेंटिसशिप के दौरान उन्हें पैसा दिया जायेगा। नरेन्द्र मोदी देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। उनके फैसलों से लोगों की नौकरियां छिन गयी। हम युवाओं को सम्मान की नौकरी देंगे। अग्निवीर योजना को हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाएगा। युवाओं को फिर फौज की पहले की तरह नौकरी दी जायेगी। हम भाजपा सरकार की अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में फेंक देंगे। सेना में भर्ती फिर पुराने तरीके से होगी। सेना में एक तरह के जवान, एक तरह के शहीद और एक तरह की पेंशन और सुविधाएं होगी। मनरेगा मजदूरों की मजदूरी बढ़ाकर 400 रूपये की जाएगी। आशा, ऑगनबाडी कार्यक्रत्रियों की आय दोगुनी करेंगे। सरकारी विभागों में खाली पड़े 30 लाख पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी।

*0 चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों ....*

आयोग ने कहा है कि मतदान और सुरक्षा अधिकारियों को पहुंचाने के लिये 17 विशेष रेलगाड़ियाँ और 508 हेलीकॉप्टर उड़ानें संचालित की गयी हैं। मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन देने से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिये कुल 2000 उड़नदस्ते, 2105 स्टेटिक निगरानी टीमें, 881 वीडियो निगरानी टीमें और 502 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार पांचवें चरण के लिये 85 वर्ष से अधिक उम्र के 7.81 लाख से अधिक पंजीकृत और 7.03 लाख दिव्यांग और सौ साल से अधिक उम्र के 24,792 मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है। वैकल्पिक होम वोटिंग सुविधा को पहले से ही काफी सराहना और प्रतिक्रिया मिल रही है। आयोग ने इस चरण के चुनाव को सुचारु और शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिये 153 पर्यवेक्षकों (55 सामान्य पर्यवेक्षक, 30 पुलिस पर्यवेक्षक, 68 व्यय पर्यवेक्षक) की तैनाती कर रखी है। इसके अतिरिक्त, कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। कुल 216 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां और 565 अंतरराज्यीय सीमा चौकियां शराब, ड्रग्स, नकदी और मुफ्त वस्तुओं को लाने और ले जाने पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। इसके अलावा समुद्री और हवाई मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी गयी है। पांचवें चरण में जिन आठ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के संसदीय सीटों के लिये मतदान होगा, उनमें उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा और बिहार की पांच-पांच, झारखंड की तीन और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की एक-एक सीट है।

इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर, डॉ प्रवीण भारती पवार, शान्तनु ठाकुर, कपिल पाटिल, अन्नपूर्णा देवी , भाजपा नेता राजीव प्रताप रूड़ी और राष्ट्रीय जनता दल की रोहिणी आचार्य शामिल हैं। चौथे चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 379 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 और चौथे में 96 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराये गये हैं। पहले चार चरणों में 45.1 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अभी तक मतदान किया है और इन चरणों में औसतन 66.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। छठे और सातवें चरण में क्रमश- 25 मई और एक जून को मतदान कराये जायेंगे। मतगणना चार जून को होगी।

*0 ओडिशा में गरजे सीएम विष्णुदेव साय...*

योजना का लाभ आम आदमी को न मिलने का आरोप लगाया और कहा बीजेडी सरकार ने केंद्र की योजना का नाम बदलकर बीजू स्वास्थ्य योजना कर दिया। लेकिन राज्य के प्राइवेट हॉस्पिटल में इसका लाभ गरीबों को नहीं मिलता है। यह दुर्भाग्यजनक है। ओडिशा में पीएम आवास योजना को ठीक से लागू नहीं करने का आरोप भी उन्होंने बीजेडी सरकार पर लगाया।

साय ने ओडिशा की जनता को डबल इंजन सरकार के फायदे गिनाएं और कहा कि मात्र 4 महीने में उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के ब?-ब? वादे पूरे किए हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी, 12 लाख किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया, 21 क्विंटल प्रति एक? धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी और अंतर की राशि 13,320 करो? रुपए 24.72 लाख किसानों को देने का काम किया। उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने के पहले सप्ताह में 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों के खातों में एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि देने की बात भी कही। 5550 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीदी की बात को बताया।

**ओडिशा में भी शत-प्रतिशत पूरी होगी मोदी की गारंटी**

सीएम साय ने कहा कि ओडिशा में भाजपा ने जो घोषणा पत्र बनाया है उसमें प्रदेशवासियों के हित के लिए बहुत कुछ है। भाजपा सरकार बनने पर यहां किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल धान की कीमत मिलेगी, हमारी माताओं को पचास हजार रुपए का वाउचर मिलेगा। बुजुर्ग, दिव्यांग और बुनकरों को तीन हजार रूपया भत्ता मिलेगा। छोटा-मोटा काम करके अपना जीवन-यापन करने वाले लोगों को हमारी सरकार पचास रुपए का लोन देगी। ओडिशा की पच्चीस लाख दीदियों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। यहां के पांच लाख बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये मोदी की गारंटी है, जो भाजपा सरकार बनने पर शत-प्रतिशत पूरी होगी।

*0 नोट गिन-गिन मशीनें गर्म, जूता कारोबारियों पर छापे में ...*

हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग के घर से आय से अधिक संपत्तियों के अलावा बैनामी संपत्तियों के दस्तावेज भी मिले हैं। जिन्हें टीम ने अपने कब्जे में लिया है। अन्य ठिकानों पर भी टैक्स में हेरफेर के दस्तावेज भी टीम के हाथ लगे हैं। कई दस्तावेजों में ब्याज का हिसाब-किताब भी दर्ज है। ऐसे में माना ज रहा है कि जूता कारोबारी बड़े पैमाने पर ब्याज पर रकम भी बांटता था। आगरा में घरेलू जूता कारोबार में नकद का भुगतान पर्चियां से होता है। सात मई को मतदान था। ऐसे में पर्चियां नहीं भुनाई जा सकीं। चुनाव के बाद पर्चियां भुनाए जाने की सूचना और टैक्स में हेराफेरी की शिकायत आयकर अधिकारियों तक पहुंची। जिसके बाद उन्होंने छापा मारा।

# साढ़े चार लाख की ठगी मामले व धोखे में रखने वाले बैंक पर जुर्माना

कोरबा। बैंक उपभोक्ता से साढ़े चार लाख से अधिक की ठगी और पेनाल्टी रकम के विरूद्ध जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में परिवाद दायर किया गया था। जिस पर आयोग ने राशि का देनदार परिवादी को नहीं होना पाते हुए उसे देनदारी से मुक्त किया है। साथ ही आर्थिक व मानसिक प्रतिपूर्ति के एवज में बैंक को राशि देनी होगी। बालको थानांतर्गत इंदिरा मार्केट में विजय कुमार साहू (42 वर्ष) निवासरत है। उसका निजी खाता वर्ष 2012 से एक्सिस बैंक कोरबा में है।

2019 से उसका क्रेडिट कार्ड खाता संचालित है। 19 नवंबर 2023 की दोपहर उसके क्रेडिट कार्ड खाता को हैक कर चार लाख 14 हजार 831 व 36 हजार 424 कुल चार लाख 51 हजार 255 रुपए काटकर गैर व्यक्ति रिलायंस बीपी मोबाइल एसबीआई में ट्रांसफर कर दिया गया। जिसकी जानकारी होने पर तत्काल क्रेडिट कार्ड के पीछे अंकित काल सेंटर में शिकायत दर्ज कराई गई। महिला कर्मचारी द्वारा शिकायत दर्ज करने की जानकारी दी गई। साथ ही शिकायत नंबर भी प्रदान किया गया। काल सेंटर के द्वारा 19 नवंबर को दोपहर 1.40 बजे क्रेडिट कार्ड और बचत खाता को ब्लाक किया गया। उपभोक्ता को किया गया कि उनकी रकम सुरक्षित है। अभी राशि



ट्रांसफर नहीं हुई है। 24 घंटे में राशि वापसी की बात कही गई।

19 नवंबर को 2.10 बजे रिफंड का मैसेज भी आया तो परिवादी आश्वस्त हो गया कि रकम सुरक्षित है। दूसरे दिन अचानक परिवादी के मोबाइल पर मैसेज आया कि उनके खाते का ओटीपी पास होने की वजह से राशि का आहरण हो गया है। कोरबा के मैनेजर ने परिवादी को जानकारी दी कि क्रेडिट कार्ड के साथ दो कार्ड जारी होता है, एक कार्ड नामिनी के नाम पर होता है। परिवादी ने बताया कि उसे एक ही कार्ड जारी हुआ है। साथ ही उसने किसी तरह का ओटीपी शेयर नहीं किया है। बिना ओटीपी शेयर किए ही राशि की ठगी हुई है। जिस पर पीड़ित ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में परिवाद दायर किया जिस पर आयोग ने देनदार परिवादी को नहीं होना पाते हुए उसे देनदारी से मुक्त किया है। विरोधी पक्षकारगण को आर्थिक व मानसिक क्षतिपूर्ति के एवज में परिवादी को 15 हजार रुपए प्रदान करना होगा। वाद व्यय के रूप में पांच हजार, व्यवसायिक कदाचरण के लिए 10 हजार का प्रतिकर अधिरोपित किया गया है। आयोग की तरफ से फैसला अध्यक्ष रंजना दत्ता, सदस्य ममता दास व पंकज कुमार देवड़ा ने दिया है।

# स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ माताओं को भी किया सम्मानित



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित प्रसिद्ध एस.बी.एच. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल ने हाल ही में स्वास्थ्य जागरूकता पर एक अनूठे कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ मातृ दिवस समारोह भी शामिल किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, बल्कि माताओं के त्याग और समर्पण का भी सम्मान करना था। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया। जिनमें विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर, एचपीवी वैक्सीन, आई.वी.एफ. उपचार और कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी शामिल थे। सर्वाइकल कैंसर पर चर्चा के दौरान इस घातक बीमारी के लक्षण, जाँच के तरीकों, बचाव, और उपचार के विभिन्न विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, इस बात पर भी बल दिया गया कि 9-14 वर्ष की आयु में एच.पी.वी. वैक्सीन सबसे ज्यादा प्रभावी होता है। कार्यक्रम का एक सराहनीय पहलू उन दंपत्तियों के लिए आयोजित किया गया सत्र था, जो आई.वी.एफ. प्रक्रिया का लाभ ले रहे हैं। इस सत्र में एस.बी.एच. हॉस्पिटल द्वारा सफल आई.वी.एफ. उपचारों की कई रोचक कहानियां भी साझा की गईं, जिसने निःसंतान दंपत्तियों को आशा एवं प्रेरणा की नई किरण प्रदान की। साथ ही कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक मैग्नेटिक चेयर का अनावरण भी किया गया। इसके अलावा, महिलाओं के लिए उपलब्ध नवीनतम कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी प्रक्रियाओं पर एक व्यापक चर्चा हुई। कुल मिलाकर, एस.बी.एच. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और माताओं का सम्मान करने की दिशा में एक सार्थक पहल रहा। इस कार्यक्रम ने न केवल महिलाओं को उनके स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के लिए प्रेरित किया बल्कि चिकित्सा विज्ञान में हो रही प्रगति से भी अवगत कराया।

# दिग्विजय स्टेडियम में अंतर जिला क्रिकेट चैम्पियनशिप प्रारंभ



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर 16) एलीट ग्रुप के मैचेस स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में खेले जा रहे हैं। ग्रुप बी के पहले तीन दिवसीय लीग मैच में बीएसपी भिलाई के खिलाफ टॉस जीतकर जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने पहले बैटिंग करते हुए पहले दिन का खेल समाप्त होने पर 69 ओवरों में अपने सभी विकेट खोकर 233 रन बनाएं।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के विकेटकीपर बल्लेबाज श्रेयांस शिंडेकर ने सबसे ज्यादा 71 रन बनाएं, वहीं लकी प्रजापति ने नाबाद 63 रन बनाएं। पहले दिन के खेल समाप्त होते तक बीएसपी भिलाई ने भी सधी हुई शुरुआत कर एक विकेट खोकर 39 रन बना लिए हैं। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव की टीम इस प्रकार है, श्लोक चचाने (कप्तान), श्रेयांश शिंदेकर (उप कप्तान), लकी प्रजापति, तीर्थ राठौर, खिलेश देवांगन, युक्तारथ देवांगन, आदित्य मिश्रा, आराध्य राठौर, गुलाम अहमद, प्रभनुर सिंह, नितेश यादव, युवराज सिंह ठाकुर, प्रिंस यादव, रित्विक सुराणा, शशि वर्मा एवं युगांत कुलदीप। टीम के कोच विवेक बोरकर हैं। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एशोसियेशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# सुरगी हाईस्कूल व्यावसायिक कृषि के छात्रों का ग्रीष्मकालीन ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम



सुरगी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित कृषि के कक्षा 9वी एवं 10वी के छात्रो का ऑन जॉब ट्रेनिंग कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव में चल रहा है।

यह कार्य व्यावसायिक प्रशिक्षक पंकज चंदेल के मार्गदर्शन में संपन्न कराया जा रहा है। ट्रेनिंग देने का कार्य कृषि विज्ञान केंद्र के समन्वयक डॉ.योगेंद्र श्रीवास, कृषि वैज्ञानिक डॉ.गुंजन झा, डॉ.अंजली घृतलाहरे, डॉ.अतुल डांगे, डॉ.जितेंद्र मेश्राम, डॉ.मनीष सिंह एवं फार्म प्रबंधक डॉ.आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न कराया जा रहा है। व्यावसायिक कृषि के छात्रों को ऑन जॉब ट्रेनिंग के माध्यम से नर्सरी प्रबंधन ग्राफ्टिंग तकनीक, पौधो की कटाई एवं छटाई, खरपतवार नियंत्रण, सूक्ष्म सिंचाई, कृषि यंत्रों की पहचान व उपयोग, मौसम पूर्वानुमान के यंत्र एवं उपयोग, ग्रेडर मशीन की जानकारी, पशुपालन प्रबंधन, वर्मी व कंपोस्ट खाद की जानकारी, पोटिंग डिपोटिंग, कीट व रोग प्रबंधन, विभिन्न फसलों जैसे मूंग, सूरजमुखी की खेती और अन्य कृषिगत तकनीकी जानकारी प्रदान किया जा रहा है।

# मोदी की सुनामी में बह जायेगा सारा विपक्ष - आशीष डोंगरे



**कहा - जनता को देश की सुरक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए सिर्फऔर सिर्फ भाजपा पर भरोसा**

राजनांदगांव (दावा)। **भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री व भाजपा के नेता आशीष डोंगरे ने कहा कि देश की 18वीं लोकसभा के लिए संपन्न होने वाले सात चरणों के चुनाव में सिर्फ और सिर्फ मोदी नाम की सुनामी चल रही है। जिसमें प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस सहित उनके तमाम सहयोगी संगठन बह जाएंगे।**

किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि 400 पार का नारा 450 भी हो सकता है। 543 सीट वाली लोकसभा में गिनी चुनी सीट विपक्षीयों को मिलेंगे जो बेहद कमजोर विपक्ष के तौर पर बैठेगी। श्री डोंगरे ने आगे कहा कि अगर 10 साल तक भाजपा की सरकार नहीं होती तो पता नहीं इस देश का क्या होता कांग्रेस के नेतृत्व में केंद्र सहित राज्यों में बनी कांग्रेस सरकारों का कार्यकाल राज्यों सहित देश को पीछे धकेलने वाला रहा है। कांग्रेस ने देश को लुटने की शिवाय कुछ नहीं किया है। जबकि भाजपा ने भारत का सर्वांगीण विकास करते हुए विश्व मंच में भारत की शाख बढ़ा दी है। भाजपा को यह स्नेह और प्यार 1980 के दशक से राष्ट्रवादी सोच के फल स्वरुप मिल रही है। अब तो यह विश्व में सबसे लोकतांत्रिक संस्था हो गई है। क्योंकि विपक्ष अपनी संकुचित सोच के कारण लगातार अपना ग्राफ घटा रही है। अब इनके पास कोई मुद्दा भी नहीं रह गया हैं। छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट बीजेपी के खाते में आ रही है। और कांग्रेस को जानता शून्य सीट देने वाली है। छत्तीसगढ़ सहित समूचे देश में मोदी की लहर और मोदी की गारंटी को जनता पसंद कर रही है। बरहाल इस लोकसभा चुनाव में जनता का मत भाजपा के साथ है। जिसको लेकर इस बार भाजपा पिछले चुनाव से कहीं ज्यादा इस चुनाव में सीट मिलेगी।

# विद्यार्थी शिविर में बच्चों ने सीखा चहुंमुखी विकास की कुंजी

राजनांदगांव (दावा)। भारत के भावी कर्णधार हो रहे तैयार बच्चे ही भारत के भविष्य है जिस तरह एक पौधे को समय-समय पर जल से सींचना, खाद डालना देखभाल करके पोषित करते है और वह पौधा बढ़ा होकर वृक्ष बन हमारी जरूरतों को पूरा करता है, फल देता है, छांव देता है ऐसे ही बाल्यवस्था में बच्चों को अच्छे संस्कार से रोपित करते है तो बच्चे बड़े होकर देशव समाज की पीढ़ी व भारत की नींव को मजबूती प्रदान करते है तथा सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है ।

यही संस्कार पूज्य संत श्री आशारामजी बापू ने पिछले 60 वर्षो से बच्चों को देते आ रहे है और पूज्य बापूजी की पावन प्रेरणा से प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी पूज्य संत आशाराम बापू प्रेरित श्री योग वेदांत सेवा समिति बाल संस्कार विभाग राजनांदगांव के द्वारा बच्चों के अंदर अच्छे संस्कार व आत्मिक उन्नति के लिए सात दिवशीय आवासीय विद्यार्थी अनुष्ठान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 250 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया। पूज्य बापूजी की प्रेरणा से देशभर में ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थी शिविर का आयोजन किया जाता है इस शिविर में आने वाली बाद पीढ़ी को हमारी सनातन धर्म का ज्ञान होगा तथा विद्यार्थी अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति कर अपने माता-पिता व गुरुजनों का नाम रोशन करें इसी उद्देश्य के साथ यह शिविर रखा जाता है ।

श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष



**संत आशारामजी बापू द्वारा प्रेरित विद्यार्थी शिविर का हुआ समापन**

रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टी.के.चंद्राकर ने बताया कि विद्यार्थियों के नैतिक, चारित्रिक विकास हो तथा सर्वांगीण विकास के लिए उद्देश्य से बच्चों की सात दिन की शिविर जो 8 से 14 मई तक लगायी गयी। छात्रों के लिए मोहारा स्थित संत आशाराम आश्रम व छात्राओं के लिए ममता नगर स्थित सत्संग भवन में शिविर का आयोजन किया गया। राजनांदगांव जिले के अलावा आस-पास के जिले के बच्चे शिविर से लाभान्वित हुए। अनुष्ठान शिविर में 250 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया व शिविर के दौरान सीखी बातों का अपने जीवन में लाने का संकल्प भी लिया। शिविर के अंतिम दिन में सभी बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया। शिविर के दौरान विभिन्न खेलों, स्पर्धाओं, भजन प्रतियोगिता, योग व उच्च संस्कार परीक्षा, आदर्श विद्यार्थी आदि गतिविधियों में भाग लेने वाले विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया।

बाल संस्कार विभाग के प्रभारी संजय साहू ने बताया कि बाल्यकाल में बच्चों को जैसा संस्कार देते है वही से उसका भविष्य का निर्माण होता है अच्छे संस्कार बच्चों को महान बना देती है तो वही बुरे संस्कार पतन की ओर ले जा लेती है। विद्यार्थियों में अच्छे का बीजारोपण हो इस हेतु पूज्य संत आशाराम बापू की पावन सत्प्रेरणा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सात दिवसीय अनुष्ठान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को जप-ध्यान, प्राणायाम, योगासन, माता-पिता का आदर, जीवन मे सफलता के रहस्य, परीक्षा में अच्छे परिणाम, महापुरुषों के जीवन चरित्र, आध्यात्मिक खेल, बौद्धिक शक्ति बढ़ाने के प्रयोग इत्यादि बातें सिखाई गयी।

पूज्य बापूजी की प्रेरणा से प्रतिवर्ष देशभर में हजारो जगहों पर इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लाखों-लाखों बच्चों के अंदर अच्छे संस्कार का रोपण किया जा रहा है। बच्चे ही भारत के भावी कर्णधार है भारत की नींव है और नींव जितनी मजबूत होगी उतना ही देश उन्नत होगा। संस्कृति उन्नत होगी वैदिक धर्म का प्रचार होगा।

अनुष्ठान शिविर के सफल आयोजन में समिति के रोहित चंद्राकर, टी.के.चंद्राकर, नम्मू साहू, दिलीप साहू, दलेश्वर साहू, प्रवीण चक्रधारि, जीत साहू, हीरा वर्मा, राजू भाई, प्रदीप दीक्षित, तुलसी भाई, रूपेश यादव, एरिना चंद्रवंशी, तृप्ति वैष्णव, सरिता चक्रधारी, संगीता साहू, पूजा साहू, अनिता देशमुख, पूजा पालीवाल, लोमती देवांगन के साथ डोंगरगढ़, डोंगरगांव, मोहला-मानपुर, चौकी, छुरिया, गंडई, खैरागढ़ समिति के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खैरागढ़ में प्रवेश हेतु किया गया लाटरी पद्धति से चयन



खैरागढ़ (दावा)। डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शास. उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय खैरागढ़ में कक्षा 01ली से 12वीं (विज्ञान) में प्रवेश हेतु 16 मई गुरूवार को लाटरी पद्धति से चयन किया गया।

जिसमें चयन समिति के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू एवं सदस्य सहायक संचालक शिक्षा विभाग खरे मैडम, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी खैरागढ़ साथ ही संस्था के प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

प्रवेश हेतु चयनित छात्र/छात्राओं को गुरूवार 17 मई से मंगलवार 21 मई बीच संस्था में दाखिला हेतु दस्तावेज जमा करना अनिवार्य है। साथ ही रिक्त सीट पर बुधवार 22 मई से सोमवार 27 मई के बीच प्रतिक्षा सूची से प्रवेश लिया जावेगा। चयनित छात्र-छात्राओं की सूची संस्था के नोटिस बोर्ड पर अवलोकन कर सकते है।

# कलेक्टर ने मतगणना स्थल पर आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को किया नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मंगलवार 4 जून को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर परिसर राजनांदगांव में होने वाले मतगणना की आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को नियुक्त किया है। इसके अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह को मतगणना प्रभारी अधिकारी एवं मतगणना से संबंधित सभी आदेश निर्देश जारी करना, मतगणना से संबंधित सभी अधिकारी-कर्मचारी तथा राजनैतिक दलों को प्रशिक्षण का कार्य सौंपा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा को टेलीफोन, कम्प्यूटर सेट, इंटरनेट कनेक्टिविटी, फोटोकॉपी विभिन्न ड्यूटी आदेश जारी करना एवं सीसीटीवी, वीडियोग्राफी की व्यवस्था का दायित्व दिया गया है।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ उमेश कुमार पटेल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव मनोज कुमार मरकाम, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर को मतगणना में लगे अधिकारी, कर्मचारियों, एजेंट को पास जारी करना,





मतगणना की जानकारी देने का कार्य सौंपा गया है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता एवं नगर निगम सचिव संजीव मिश्रा को सभी मतगणना कक्ष, परिसर में साफ-सफाई हेतु सफाई कर्मचारियों एवं डस्टबीन की व्यवस्था, परिसर में पर्याप्त पेयजल टैंकर एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था, पर्याप्त अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था, पेयजल स्टॉल कर्मचारी की व्यवस्था करने कहा गया है। अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय एवं उप संचालक समाज कल्याण बीएल ठाकुर को पोस्टल बैलेट की गणना के संबंध में समस्त आवश्यक तैयारी ईटीपीबीएस सहित स्कैनिंग, पोस्ट ऑफिस से समन्वय स्थापित कर पोस्टल बैलेट प्राप्त करना, मतगणना तिथि 4 जून को सुबह 6 बजे प्राप्त सभी पोस्टल बैलेट मतगणना स्थल पर उपलब्ध करने का कार्य सौंपा गया है। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग अरविन्द कुमार चौहान को मतगणना स्थल पर टेबल, चेयर, बेरिकेटिंग, सोफा, सूचना फ्लैक्स सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई है।

इसी तरह जिला खाद्य अधिकारी भूपेन्द्र मिश्रा को मतगणना स्थल पर चाय, नाश्ता, भोजन की व्यवस्था, जिला पंजीयक श्रीमती प्रियंका श्रीरंगे को आरओ व एआरओ एवं 14 मतगणना टेबल, डाक मतपत्र गणना टेबल में माइक्रो आब्जर्वरों की नियुक्ति तथा प्रशिक्षण व रेडमाइजेशन की व्यवस्था, जिला कोषालय अधिकारी दिलीप कुमार सिंह को मतगणना तिथि को समय पर स्ट्रांग खोलने की तैयारी तथा स्ट्रांग रूम से कन्ट्रोल यूनिट का प्रदाय एवं वापसी जमा करना, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को प्रत्येक मतगणना कक्ष में व्हाईट एवं ग्रीन बोर्ड की व्यवस्था करना, बोर्ड में लिखने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी आदेश निर्वाचन शाखा से जारी करावाने तथा एजेंटों के बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था, सहायक संचालक कौशल विकास विभाग देवेन्द्र माहेश्वरी को एवं उपअभियंता परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक 1 प्रधानमंत्री सड़क योजना सुशील वर्मा को परिणाम की घोषणा, स्टेज में फ्लैक्ट लगाना, माईक, लोगों के बैठने की व्यवस्था सहित स्टेज में अन्य आवश्यक व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी समीर शर्मा एवं कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग जीडी रामटेके को लाईजन ऑफिसर का कार्य सुनिश्चित करना एवं मतगणना स्थल पर प्रेक्षक के साथ उपस्थित रहकर कार्य संपादित करना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन को मतगणना स्थल पर चिकित्सा दल की व्यवस्था, हेल्थ केयर सेन्टर एवं एम्बुलेन्स की व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल आलोक दुबे को मतगणना स्थल एवं परिसर में जनरेटर व निरंतर विद्युत प्रवाह सुनिश्चित करना, जिला सेनानी नगर सेना अरूण कुमार सिंह को मतगणना स्थल पर फायर ब्रिगेड एवं रेत आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था, जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र संतोष कुमार सिंह को मतगणना कार्यो हेतु दलों का गठन, रेडमाइजेशन, सारणीकरण, परिणाम की घोषणा आदि एनआईसी से संबंधित कार्यों को संपादित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग विद्युत एवं यांत्रिकी जितेन्द्र राजपाली को मतगणना स्थल पर जनरेटर एवं माईक की व्यवस्था निरंतर विद्युत प्रवाह की व्यवस्था सुनिश्चित करना, प्रमाण पत्र वितरण स्थल पर माईक की व्यवस्था करना, मतगणना कक्षों में पर्याप्त पंखों की व्यवस्था करना तथा प्रेक्षक कक्ष हेतु टीव्ही एवं एसी की व्यवस्था करना, उप संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक को मतगणना स्थल पर पत्रकार, टीव्ही, स्वल्पाहार एवं आकाशवाणी टीम की व्यवस्था एवं मतगणना की जानकारी मतगणना स्थल पर पत्रकारों की बैठक एवं पास की व्यवस्था करने कहा गया है। प्राचार्य डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर कैलाश शर्मा, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेड़ेसरा दीपक ठाकुर, प्राध्यापक शासकीय विज्ञान महाविद्यालय आशानंद माखिजा एवं व्याख्याता डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर भूपेश साहू को मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी को आवश्यक प्रशिक्षण का कार्य सौंपा गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर एवं सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत प्रीत लाल खुटेल को विविध कार्य तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीकांत कोर्राम को मतगणना स्थल पर लेखन सामग्री एवं मतगणना सामग्री की निर्वाचन स्टोर व स्टाऊ के साथ सम्पूर्ण व्यवस्था करने का दायित्व सौंपा गया है।

# कलेक्टर-एसपी के रहने वाले आर.के. नगर गार्डन का बुरा हाल



राजनांदगांव(दावा)। शहर के पश्चिमी छोर पर स्थित आर.के. नगर कलेक्टर-एसपी सहित बड़े-बड़े प्रशासनिक अधिकारियों के रहने वाले स्थान के रूप में जाना जाता है। विश्व विख्यात अध्यात्म वेता, हिन्दू सन्यासी स्वामी विवेकानंद के गुरू श्री रामकृष्ण परमहंस के नाम पर स्थापित श्री रामकृष्ण नगर शहर में आर.के. नगर के रूप में जाना जाता है।

अभिजात्य वर्ग के निवास वाले इस नगर में कलेक्टर-एस.पी. आदि बड़े-बड़े अधिकारियों के रहने के कारण इसे अन्य जगहों के अलावा सबसे ज्यादा सुविधा प्राप्त है। जल प्रदाय के लिए विशाल टंकी बनी हुई है। चमचमाती हुई सड़क है। रात में विद्युत रौशनी से पूरा इलाका प्रकाश मान बना रहता है। इन बड़े-बड़े अधिकारियों के परिवारजनों के अलावा स्वयं के शुद्ध हवा में सांस लेने व हरियाली का आनंद लेने के लिए बड़े-बड़े उद्यान है लेकिन इन उद्यानों की देख-रेख नहीं होने के कारण अपनी दयनीय हालत पर आंसू बहाने पर विवश है। आरके नगर तिराहे के गोड़वाना भवन से लेकर महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा तक विस्तरित उक्त वाटिका व अमृत उद्यान देखरेख के अभाव में कचरा-गंदगी से भरा पड़ा है। उद्यान में बने टैंक की न जाने कब सफाई हुई है, इसमें मछली आदि अन्य जीव-जंतू मरे पड़े है। जिससे भयानक दुर्गन्ध उठ रही है। यहां सुबह-शाम टहलने के लिए आने वाले बुर्जुग ने बताया कि टैंक से उठ रही असहनीय दुर्गन्ध के कारण यहां पर बैठना दूभर हो गया है। दुर्गन्ध इतनी भयानक है कि सड़क तक का माहौल प्रदूषित बना रहता है।

**○ साफ-सफाई का अभाव, टैंक में मरी पड़ी मछलियां व जीव-जंतु से बदबू का साम्राज्य स्थापित**
**○ धीरे-धीरे नष्ट हो रहा गार्डन**

### वार्ड पार्षद का ध्यान नहीं

नाम न छापने की शर्त पर उक्त बुजुर्ग ने बताया कि इस दूर तक फैले उद्यान में आर.के. नगर में निवास करने वाले अफसर व परिजन खेलने-कूदने का सुबह-शाम हरियाली से आच्छादित शुद्ध हवा में सांस लेने के लिए आते है। लेकिन इस गार्डन की साफ-सफाई की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता। कचरा-गंदगी से भरे पड़े इस उद्यान में भीषण गर्मी में मरे पड़े पक्षी को कई-कई दिनों से उठाया नहीं गया है। टैंक में लगे फौवारे बंद पड़े है। विद्युत ट्रांसफार्मर से कटआउट व अन्य चीजें चुरा ली गई है। ट्रांसफार्मर बाक्स कचरा खाना बना हुआ है। एक छोटे से कुएं में शराब की खाली बोतल-चखना पैकेट, प्लास्टिक का झिल्लिया, डिस्पोजल ग्लास व अन्य कचरे डाल दिए गए है। उससे भी सड़ने की बदबू आ रही है। पर मजाल है कि किसी का ध्यान जाए। यहां तक कि इस गार्डन में घुमने आने वाले अधिकारियों का ध्यान तक नहीं जाता। वार्ड पार्षद तो इस ओर से पूरी तरह आंखे मूंदे हुए है। इससे यह हरियाली फैलाने वाले वाला गार्डन कचरा गंदगी से भरकर बदबू फैलाने वाला हो गया है। पेड़-पौधे सूख गए है। इसमें कोई पानी डालने वाला तक नहीं है। डस्टबीन बाक्स पूरी तरह पानी के खाली बोतलों से भरा पड़ा है। इसकी आज तक सफाई नहीं हो पाई है। कुल मिलाकर देखा जाए तो बड़े-बड़े अधिकारियों के रहने वाले इस स्थल के उद्यान की बहुत ही बुरी दशा है। जिसकी ओर कोई झांकने तक के तैयार नहीं है।

# पुलिस के नशीले पदार्थो की लगातार धरपकड़ से पांच माह में अपराधों में कमी

राजनांदगांव(दावा)। विगत पांच माह से पुलिस की नशीले पदार्थो की धर पकड़ से अपराध में कमी आने की बात कही जा रही है।

बताया जाता है कि दिनांक 01.12.2023 से 18.05.2024 तक की स्थित में अवैध शराब के 379 प्रकरणों में 389 व्यक्तियों के पास से 2283.51 लीटर देशी/विदेशी शराब कीमती 12,22,536 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त कार 4 नग, 17 नग मोटरसायकल जप्त किया गया है। वहीं अवैध नशीले पदार्थ गांजा के 9 प्रकरणों में 18 आरोपी से 170 किलोग्राम गांजा कीमती 1498500/- एवं परिवहन में प्रयुक्त 02 ट्रक, 02 कार एवं 04 मोटरसायकल जप्त किए जाने की बात बताई जा रही है। इसी तरह जुआ के 12 प्रकरण में 61 आरोपियों से 193420/- रूपये जप्त किए गए हैं। इसके अलावा सट्टा के 49 प्रकरण में 52 आरोपियों से 52575/- रूपये एवं लाखों के सट्टापट्टी जप्त किया गया है।

### विभिन्न अपराधों में कमी

बताया जाता है कि एस.पी मोहित गर्ग के निर्देशन में ए.एस.पी. मुकेश ठाकुर (ऑपस) एवं ए.एस.पी. राहुलदेव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले भर में चलाये जा रहे अभियान के तहत् अवैध शराब, गांजा व नशीले पदार्थो तथा जुआ सट्टा पर की धरपकड़ कार्यवाही किया गया। विगत 05 माह 1 दिसंबर 2023 से 18 मई 2024 तक की स्थित में अवैध शराब के 379 प्रकरणों में 389 व्यक्तियों के पास से 2283.51 लीटर देशी/विदेशी शराब कीमती 12,22,536 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त कार 4 नग, 17 नग मोटरसायकल जप्त किया गया।

इसी प्रकार अवैध नशीले पदार्थ गांजा के 09 प्रकरणों में 18 आरोपी से 170 किलोग्राम गांजा कीमती 1498500/- एवं परिवहन में प्रयुक्त 02 ट्रक, 02 कार एवं 4 मोटर सायकल जप्त किया गया। नशीले पदार्थो के विरूद्ध राजनांदगांव पुलिस की लगातार कार्यवाही जैसे आबकारी एक्ट 34(1) के मामले में 02 प्रतिशत वृद्धि हुई है और आबकारी एक्ट 34(2) के मामले में 61 प्रतिशत वृद्धि हुई है इस वजह से विभिन्न अपराधों में कमी आयी है जैसे - मारपीट के मामलों में 06 प्रतिशत, चाकूबाजी के मामलों में 45 प्रतिशत, हत्या के प्रयास मामलों में 82 प्रतिशत, हत्या के मामलों में 17 प्रतिशत, सड़क दुर्घटना में 16 प्रतिशत, छेड़छाड़ के मामलों में 22 प्रतिशत एवं बलात्कार के मामलों में 53 प्रतिशत की कमी हुई है।

# एक नेक पहल : डॉ. अनिमेष गांधी ने भीषण गर्मी में लोगों को किया जागरुक



राजनाँदगाँव (दावा)। आज नगर निगम क्षेत्र के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र बसंतपुर राजीव नगर वार्ड 42 के युवा पार्षद ऋषि शास्त्री के अनुरोध में संस्कारधानी की चिकित्सक संस्था के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिमेष गांधी ने अपने बिजी शेड्यूल में से अपना अमूल्य समय देते हुए वार्ड में डोर-टू-डोर पहुंच कर भीषण गर्मी के कारण होने वाली बच्चों को बीमारी जैसे पीलिया, डायरिया एवं गलवा माता जैसी अन्य से बचाने एवं दूर रखने के उपाय परिजनों को बताया और गंदे पानी से होने वाली बीमारी जो तेजी से फैल रही है, उससे जीत दर्ज करने पानी उबाल कर पीने और इस्तेमाल में लाने समझाईस दी है। स्वच्छता एवं सजक्ता से रहने के लिए घनी आबादी में जाकर डॉक्टर गांधी जी एवं टीम ने सभी को जागरूक करने का प्रयास किया। इसी कड़ी में पार्षद एवं वार्डवासियों से आगे भी वार्ड में नवीन कार्यो के लिए रणनीति तैयार करने को लेकर डॉक्टर गांधी ने निरन्तर सहयोग करने की बात कही है।

इस दौरान वार्ड की मितानिन दिदिया जिसमे मुख्य रूप से अंशुईया साहू, गायत्री साहू, मंजुला सावरकर, आशा दीदी एवं महिलाओं ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। नलों के पानी की जांच समय-समय पर नगर निगम माध्यम से भी कराई जा रही है। इस तरीके से अब यह जन जागरूकता भरी सेवा नगर में भी सुर्खियों में है।

# देवारीभाठ में मिली युवक की लाश, जांच में जुटी पुलिस



खैरागढ़ (दावा)। खेत में सिंचाई करने शनिवार को गया था युवक, रविवार को मिली युवक की मृत अवस्था में लाश, ग्राम में फैली सनसनी।

**इलाके में फैली सनसनी**

केसीजी जिले के देवारीभाट गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां खेत में एक युवक की लाश मिली है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्यवाही कर जांच में जुट गई है। प्रथम दृष्टया मामले में युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। यह ग्राम देवारीभाट खैरागढ़ की विधायक यशोदा वर्मा का गृहग्राम है।

जानकारी के अनुसार देवारीभाट से लगे भरदाकला मार्ग के आसपास खेत में रविवार की सुबह एक युवक की लाश मिली है। मृतक की पहचान 32 वर्षीय युवक उमेश वर्मा के रूप में हुई है। मृतक के पिता अलख वर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में मूंग बोया था। जिसकी सिंचाई के लिए उनका बेटा उमेश वर्मा शनिवार शाम को खेत गया हुआ था। लेकिन वहां से वह वापस नहीं लौटा, आज सुबह जब उनके परिजन खेत में पहुंचे तो उन्होंने उमेश वर्मा की लाश देखी जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई है। उमेश वर्मा की हत्या हुई है, या मौत, या कोई और कारण है इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल इन सब का कारण जानने केसीजी जिला पुलिस जांच में जुट गई है।

# जंघेल केमेस्ट्री क्लास के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। विगत 20 वर्षो से संचालित जंघेल केमेस्ट्री क्लास के विद्यार्थियों का 12वीं के बैच 2024 के रिजल्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। राजनांदगांव के विभिन्न बैच स्कूलों का 13 मई को रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें जंघेल केमेस्ट्री क्लास में अध्ययनरत् विद्यार्थियों द्वारा जंघेल सर के मार्ग दर्शन में बहुत अच्छा अंक अर्जित करके केमेस्ट्री में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डॉ. इतेश जंघेल ने बताया की 12वी की बैच लगभग 156 विद्यार्थियों ने अध्ययनरत् किया जिसमें केमेस्ट्री में विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। वाइडनर मेमोरियल स्कूल से याशिका पटेल (95.2प्रतिशत) केमेस्ट्री में 100/100, कु चंचल साहू (95.8 प्रतिशत) केमेस्ट्री में 98/100, कृतिका देवांगन (95.2 प्रतिशत) केमेस्ट्री में 98/100, आदिती देवांगन (91 प्रतिशत) केमेस्ट्री में 95/100, आदित्य देवांगन (92 प्रतिशत) केमेस्ट्री में 94/100, दीक्षा सिंग (91.6 प्रतिशत) केमेस्ट्री में 95/100, वेसलियन स्कूल से हिमानी सवारकर (90.प्रतिशत) केमेस्ट्री में 95/100, केन्द्रीय विद्यालय से खुशांत हिरवानी (91 प्रतिशत) केमेस्ट्री में 95/100, नीरज पब्लिक स्कूल से विद्या वाल्यानी (89.6 प्रतिशत) केमेस्ट्री में 95/100, अंशिता पाटक (89:) केमेस्ट्री में 85/100, युगान्तर पब्लिक स्कूल से रूपाशा नागपुरे (87 प्रतिशत) केमेस्ट्री में 82/100, नीरज बाजपेयाी इनटरनेशनल स्कूल से राशी नायक (89.6 प्रतिशत) केमेस्ट्री में 93/100, महक सिद्दीकी (85.2 प्रतिशत) केमेस्ट्री में 88/100, हर्षित जैन (83.2 प्रतिशत) केमेस्ट्री में 86/100, अंर्जित कर जंघेल केमेस्ट्री क्लास को गौरवांवित किया है। जंघेल सर ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी है।

# अपने स्वार्थ के लिए फूलों से परिपूर्ण हरे भरे पेड़ को काटा



पेज 8 (19 मई 2024- गोविंद गुप्ता) फोटो

डोंगरगांव (दावा)। वर्तमान में भीषण गर्मी के प्रकोप से जीव, जंतु और मनुष्य जूझ रहे हैं। सभी को पानी और छाया की नितांत आवश्यकता है, ऐसे में इंसान अपने स्वार्थ के लिए पानी और पेड़ पौधों को लगता खत्म करने में लगा है। सबसे बुनियादी जरूरतों को खत्म करने के बाद अब इंसान चिल्ला रहा है कि बहुत गर्मी है। ऐसा ही कारनामा एक स्वार्थी इंसान ने अपने स्वार्थ को पूर्ण करने के लिए रंग बिरंगे फूलों से परिपूर्ण हरे भरे पेड़ को काट दिया है। मिली जानकारी के अनुसार स्टेट हाइवे में पड़ने वाले ग्राम अमलीडीह के साहू परिवार के द्वारा वाहन रखने के लिए फूलों से लदे पेड़ को काट दिया गया है। फूल के पेड़ होने चलते सड़क की सुंदरता थी और राहगीरों के लिए छाया उपलब्ध हो रही थी। किंतु अब पेड़ काटने से सभी संभावनाएं समाप्त हो गई। पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचाने के गंभीर मामलों में लापरवाही और जानबूझकर पेड़ पौधों को क्षति पहुंचाने जैसे अशोभनीय कार्यों के लिए उचित दंड और सौ पेड़ लगाने तथा उसकी देख रेख् प्रावधान किया जाना चाहिए। ताकि इस प्रकार से प्रकृति को कोई भी इंसान नुकसान ना पहुंचा सके।

# बीजेतला हत्याकांड का हुआ खुलासा: भाई ने की थी भाई की हत्या



राजनांदगांव (दावा)। घुमका पुलिस ने सायबर सेल के माध्यम से अपने थाना क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल के मामले को सुलझा लिया है। 12 घंटे में सुलझाए गए इस हत्या कांड में एक भाई ही भाई का हत्या करने का आरोपी निकला। बता दें कि दो-तीन दिन पूर्व ग्राम बिजेतला के खेत में स्थित कुएं के अंदर बोरियों में भरे अज्ञात शव मिला था जिसकी बाद में पहचान कर ली गई थी। उक्त मृतका नाम वेद प्रकाश निर्मल कर उर्फ वेदू निवासी बिजेतला है।

आरोपी द्वारा मृतक की हत्या कर छुपाने के उद्देश्य से जुट के बोरे में डालकर सूखे कुंए में शव को फेंका था और आरोपी द्वारा साक्ष्य छुपाने के लिए घटना के दौरान खून के धब्बे लगे हुए खाट के नेवार व आरोपी के पहने कपडों को गांव के एक मैदान में ले जाकर जला दिया था। घुमका पुलिस व सायबर टीम की संयुक्त खोजबीन से मृतक का छोटा भाई बालमुकुंद ही मुख्य आरोपी निकला। उसके साथ हत्या में संलिप्त माता, पिता को भी गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों के नाम बालमुकुंद ऊर्फ पप्पू निर्मलकर पिता मनहरण निर्मलकर उम्र 24 वर्ष व उसके पिता मनहरण निर्मलकर वल्द झुमुक लाल निर्मलकर उम्र 53 वर्ष व माता मीना बाई निर्मलकर पति मनहरण निर्मलकर उम्र 50 वर्ष सभी निवासी ग्राम बिजेतला वार्ड क्रमांक 6 शीतला पारा थाना घुमका बताया जाता है।

### कुएं में मिला था शव

घुमका थाना प्रभारी विजय कुमार पम्मार ने बताया कि गत 17 मई गुरुवार को ग्राम बिजेतला के ग्रामीणों के माध्यम से सूचना मिली कि होरी लाल उमरे ग्राम बिजेतला के खेत में स्थित सूखे कुंए के अंदर बोरे-कपडे में लपेटकर बंधा हुआ अज्ञात व्यक्ति का शव पडा हुआ है। सूचना पर मौके पुलिस द्वारा घटना स्थल ग्राम बिजेतला पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से कुंए के अंदर से बोरे कपडे आदि में लिपटे हुए शव को कुंए से बाहर निकालने पर अज्ञात पुरूष का शव बरामद हुआ था। प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतक की हत्या कर शव को छुपाने के उद्देश्य से बोरे में डालकर कुंए में फेंकना पाये जाने से थाना घुमका में मर्ग कायम पश्चात अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 79/2024 धारा 302, 201 भादंवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

**आरोपी के साथ उसके माता-पिता भी गिरफ्तार**

### मृतक का छोटे भाई से झगड़ा

पुलिस जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि मृतक का उसके छोटे भाई बालमुकुंद निर्मलकर, माता, पिता व छोटी बहन के साथ आये दिन लड़ाई झगडा होता रहता था। पूर्व में वर्ष 2022 में मृतक के द्वारा अपने भाई, मां व बहन के साथ मारपीट किया था जिसकी सूचना पर थाना घुमका में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उक्त आधार पर 18 मई को मुख्य संदेही बालमुकुंद ऊर्फ पप्पू निर्मलकर पिता मनहरण निर्मलकर उम्र 24 वर्ष को घुमका पुलिस व सायबर सेल टीम द्वारा हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया। पूछताछ पर आरोपी बालमुकुंद ऊर्फ पप्पू निर्मलकर ने बताया कि बचपन से मृतक बड़े भाई वेदप्रकाश निर्मलकर के द्वारा उससे मारपीट करता था शराब पीकर आये दिन घर में अपने माता पिता व छोटी बहन को भी मारता पीटता था उसकी हरकतों से घर के सभी परिजन परेशान थे। वर्ष 2022 में भी मृतक के द्वारा अपने भाई, मां, बहन को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया था जिसके कारण मृतक की मां व छोटी बहन घर से भाग गये थे।

### हत्या की बनाई गई योजना

आरोपी ने बताया कि उसी रंजीश के कारण स्वयं व उसके पिता व माता ने उसकी हत्या करने की योजना बनाई । व योजना के तहत गत 15 भी बुधवार की रात जब मृतक अपने कमरे में सो रहा था तब उसने घर में रखे टंगिया से मृतक के सिर व गर्दन में 4 से 5 बार लगातार वार कर हत्या कर दिया था तथा मृतक के शव को अपने पिता के साथ जूट की बोरियों में भरकर शव को छिपाने के लिए घर से उठाकर उस रात में ही गांव के ही होरी लाल उमरे के खेत में स्थित कुएं में फेक दिये और घटना के बाद घटना स्थल में मौजूद खून धब्बो को मिटाने के उद्देश से आरोपी माता द्वारा लिपाई पोताई कर दिया गया था साथ ही घटना के दौरान खून धब्बा लगा हुआ पलंग के नेवार व आरोपियों के द्वारा पहने कपडों को आरोपी बालमुकुंद व पिता मनहरण द्वारा ले जाकर गांव के एक मैदान में जला दिया गया था।

आरोपी ने घटना में प्रयुक्त लोहे का टंगिया व खून धब्बा लगा हुआ पलंग का पाटा, खूरा आदि को आरोपी द्वारा घर में ही छिपा दिया था जिसे जप्त किया गया है। आरोपी बालमुकुंद, मनहरण व श्रीमती मीना निर्मलकर के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर तीनों आरोपियों को रविवार 19 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के समक्ष पेश किया जा रहा है। प्रकरण में आरोपियों के विरूद्ध पृथक से धारा 120-बी भादंवि जोड़ी गई है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, उपनिरीक्षक विक्रांत सुरेश कुमार सिंह दिवान, सहायक उप निरीक्षक केदूराम उइके, कोदूराम चंद्रवंशी, आरक्षक गौतम सिंह, तारकेश्वर साय, दुर्गेश साहू, हिरेन्द्र देशमुख, महिला आरक्षक पूजा एवं सायबर सेल से द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, बसंत राव, मनीष वर्मा, अमित सोनी, परिवेश वर्मा, आदित्य सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# राशन घोटाला मामले में पूर्व नपं अध्यक्ष के साथ 3 पर एफआईआर दर्ज

कवर्धा (दावा)। राशन घोटाले की जांच में शिकायत सही पाए जाने पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उषा श्रीवास सहित 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. शासकीय उचित मूल्य के संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर सोसायटी संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है. सहसपुर लोहारा क्षेत्र में संचालित शासकीय राशन दुकान के हितग्राहियों ने दुकान से 500 लोगों को राशन दिया था, लेकिन सेल्समैन मनहरण श्रीवास ने बीते दो माह से महज 200 लोगों को ही राशन दिया है, शेष 300 लोगों को राशन देने में आनाकानी कर रहा है. जबकि सेल्समैन पहले से ही उनका फिंगर प्रिंट ले चुका है, उसके बाद भी उन्हें सरकार से मिलने वाला 35 किलो चावल नहीं दिया जा रहा है. हितग्राहियों की शिकायत पर खाद्य अधिकारी ने जांच टीम गठित की, जिसने पाया कि करीबन 16 लाख रुपए के राशन की गड़बड़ी हुई है. इसके बाद राशन गबन के आरोप में खाद्य विभाग ने राशन दुकान संचालन समिति अध्यक्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उषा श्रीवास के साथ सेल्समैन मनहरण श्रीवास के खिलाफ सहसपुर लोहारा थाना में मामला दर्ज कराया।

आवश्यकता है
मार्केटिंग कार्य हेतु युवक-युवतियों व रात्रिकालीन चौकीदार आवश्यकता है।
-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, मो. 9300414726

शक्ति भू-जल विशेषज्ञ
जमीन के नीचे
आधुनिक जर्मनी मशीन द्वारा भू-गर्भ जल स्रोत खोज विशेषज्ञ
100 % वैज्ञानिक विधि द्वारा जांच

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया, कैरेस (7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।
-: बग्गा ट्रेवल्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

वर्मा कृषि सेवा केन्द्र
कृषि संबंधित सभी प्रकार की दवाईयां, ड्रीप खाद, उन्नत किस्मों के बीज एवं बैटरी स्प्रेयर के विक्रेता
मो.-7000634780
पुराना गंज चौक लखोली रोड आई.सी.आई.सी. आई. बैंक के सामने राज.

अपने जोड़ो को बचाएं छ.ग. के सर्वप्रथम रिग्रो थेरेपी सेंटर में
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल
॥ हर एक जीवन अनमोल ॥
छ.ग. का एकमात्र कम्प्यूटर नेविगेशन असिस्टेड ज्वाईट रिप्लेसमेंट सर्जरी सेंटर
केवल 3 दिन
1 पहला दिन छोटे चीरे से ऑपरेशन
2 दूसरा दिन मरीज को चलाना एवं रिहेबिलिटेशन
3 तीसरा दिन अस्पताल से छुट्टी
डॉ. सुशील शर्मा
आर्थोपेडिक एवं ज्वाईट रिप्लेसमेंट सर्जन (Trained in Australia & Germany)
डॉ. प्रयंक हिशीकर
ऑर्थोपेडिक एवं ऑर्थोस्कोपीक स्पोर्ट मेडिसीन सर्जन
20 वर्षों एवं 5000 से ज्यादा सफल सर्जरी का अनुभव
न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4222999
हेल्पलाइन नं.: 7880003497

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com